

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 086 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 09 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


# जोशीमठ को घोषित किया गया भू-धंसाव क्षेत्र, 610 इमारतों में बड़ी दरारें, 60 परिवार भेजे गए राहत केंद्र



देहरादून. उत्तराखंड के जोशीमठ को भूस्खलन और धँसाव क्षेत्र घोषित किया गया है तथा दरकते शहर के क्षतिग्रस्त घरों में रह रहे 60 से अधिक परिवारों को अस्थायी राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. गढ़वाल के आयुक्त सुशील कुमार ने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने हिमालयी शहर में चार-पांच स्थानों पर राहत केंद्र स्थापित किए हैं तथा कम से कम 90 और परिवारों को निकाला जाना है.

### दरार वाले मकानों में रह रहे लोगों से राहत केंद्रों में जाने की अपील

इस बीच, चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना नुकसान का आकलन करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में घर-घर गए और दरार वाले मकानों में रह रहे लोगों से राहत केंद्रों में जाने की अपील की. कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जोशीमठ को भूस्खलन-धँसाव क्षेत्र घोषित किया गया है और प्रभावित घरों में रह रहे 60 से अधिक परिवारों को अस्थायी राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है. उन्होंने कहा कि नुकसान के स्तर को देखते हुए कम से कम 90 और परिवारों को जल्द से जल्द निकालना होगा.

### 610 इमारतों में बड़ी दरारें

बृहस्पतिवार से जोशीमठ में डेरा डाले हुए कुमार जमीनी स्तर पर स्थिति की निगरानी करने वाली एक समिति के प्रमुख हैं. उन्होंने कहा कि जोशीमठ में कुल 4,500 इमारतें हैं और इनमें से 610 में बड़ी दरारें आ गई हैं, जिससे वे रहने लायक नहीं रह गई हैं. उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण चल रहा है और प्रभावित इमारतों की संख्या बढ़ सकती है. कुमार ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र और उन घरों जिनमें पहले दरारें पड़ गई थीं तथा जिनमें हाल में दरारें पड़ी हैं, की वजह से एक बड़ी चापाकार आकृति बन गई है जो 1.5 किलोमीटर के दायरे में फैली हो सकती है.

### जमीन धंसने की घटनाएं धीरे-धीरे हो रही हैं

उन्होंने कहा कि जोशीमठ में चार-पांच सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी राहत केंद्र बनाए गए हैं. कुमार ने कहा कि कुछ और इमारतों, जिनमें कुछ होटल, एक गुरुद्वारा और दो इंटर कॉलेज शामिल हैं, को अस्थायी आश्रयों के रूप में इस्तेमाल करने के लिए अधिगृहीत किया गया है, जिनमें लगभग 1,500 लोग रह सकते हैं. गढ़वाल के आयुक्त ने कहा, ह्यजोशीमठ में काफी समय से जमीन धँसने की घटनाएं धीरे-धीरे हो रही हैं, लेकिन पिछले एक हफ्ते में इसकी गति बढ़ गई है और घरों, खेतों तथा सड़कों में बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं.

चमोली के जिलाधिकारी ने लिया जायजा

उन्होंने कहा, ह्यपिछले हफ्ते नगर के नीचे पानी का एक स्त्रोत फूटने के बाद स्थिति और खराब हो गई.ह्ण कुमार ने कहा कि फिलहाल प्राथमिकता प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की है. उन्होंने कहा कि स्थिति से निपटने के लिए पुनर्निर्माण से लेकर ह्यरेट्रोफिटिंगह्ण तक के दीर्घकालिक उपायों की खोज की जा रही है.ह्ण चमोली के जिलाधिकारी खुराना ने प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया. उन्होंने कहा कि लोगों से कहा गया है कि वे असुरक्षित घरों से बाहर निकलें क्योंकि उनके रहने की व्यवस्था होटल, होमस्टे और अन्य सुरक्षित स्थानों पर की गई है.

### राज्य सरकार किराए के आवास में दाने वालों को 4 हजार रुपये देगी प्रतिमाह

खुराना ने कहा कि राज्य सरकार उन लोगों को छह महीने तक 4,000 रुपये प्रति माह का भुगतान करेगी जो किराए के आवास में जाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि लोग क्षतिग्रस्त घरों में रहकर अपनी जान जोखिम में न डालें. शनिवार को जोशीमठ में प्रभावित इलाकों का दौरा करने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लौटने के बाद यहां अधिकारियों के साथ बैठक की और राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए नियमों में ढील देने को कहा. उन्होंने कहा कि उन्हें लंबी प्रक्रियात्मक जटिलताओं में न फंसने और जोशीमठ में जल निकासी शोधन तथा सीवेज प्रणाली से संबंधित कार्य के लिए उनसे सीधे मंजूरी लेने के लिए कहा गया.

### पीएम मोदी से सीएम धामी ने फोन पर की बातचीत

मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि जोशीमठ में स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर धामी से बात की. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने नगर में भूमि धँसने और निवासियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी. अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से जोशीमठ की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जोशीमठ को बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब और प्रसिद्ध स्कीइंग गंतव्य औली के प्रवेश द्वार के रूप में जाना जाता है.

### जोशीमठ का अध्ययन करने को कहा गया

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, हैदराबाद और भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून को उपग्रह तस्वीरों के जरिए जोशीमठ का अध्ययन करने तथा तस्वीरों के साथ विस्तृत रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण संस्थान को जोशीमठ और पीपलकोटी के सेमलडाला क्षेत्र में पुनर्वास उद्देश्यों के लिए जड़ी-बूटी संस्थान और बागवानी विभाग की भूमि की उपयुक्तता की जांच करने के लिए भी कहा गया है.

विडंबना

## बेटों की राह तकते तकते हमेशा के लिए बंद हो गई बूढ़ी मां की आंखे

### ग्रामीणों ने कराया मृत महिला बेबस मां का अंतिम संस्कार

**जुनेद अहमद, समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : कड़ाके की ठंड में दर्द से कराहती 62 साल की फूलझरिया देवी ने रविवार तड़के आखिरकार दम तोड़ दिया। यह मां की ममता ही थी, जिन बेटों ने उन्हें लावारिस मरने के लिए छोड़ दिया की जायदाद में दोनों बेटों को साथ ही एक हिस्सा मां को भी मिला था। मृतका अपना जीवन निर्वहन छोटे बेटों में रहकर किसी तरह से जीवन यापन करती थी। इस बात को लेकर बड़ा बेटा नाराज रहता था। जब कि छोटा बेटा दिव्यांग होने के साथ ही हमेशा शराब के नशे में डूबा रहता



था, उन्हीं की एक झलक देखने को वे अंतिम सांस तक बेकरार रहीं। उनकी मौत पर गांव के लोगों में गम था और बेटों के प्रति उतना ही गुस्सा। मां के मौत के बाद भी उनके दोनों बेटे अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचे। ग्राम प्रधान युगल किशोर यादव ने ग्रामीणों की मदद से मुखाग्नि दिलाई। गड़वार थाना क्षेत्र के बहादुरपुर कारी गांव में सुबह से ही मातम था। ग्राम प्रधान युगल किशोर के मुताबिक रामसकल गुप्ता के दो पुत्र राजेश गुप्ता एवं टुनटुन गुप्ता है। कुछ वर्ष पूर्व फूल झरिया देवी के पति रामसकल की मौत हो गई। पति के मौत के बाद फूल झरिया देवी पूरी तरह से टूट चुकी थी। जबकि मां से दोनों बेटों ने किनारा कर लिया। हालांकि पति के मरने के बाद पिता था। मुफलिसी के दौर में मां का किसी तरह से जीवन यापन करता था। रविवार की सुबह आखिर कार फूलझरिया देवी ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद मुखाग्नि देने एवं अंतिम संस्कार करने से दोनों बेटों ने इन्कार कर दिया। गांव वालों के लाख मनाने के बाद भी अंतिम संस्कार के लिए तैयार नही हुए। अन्त में ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के सहयोग से मृतका का अंतिम संस्कार गांव स्थित नवनिर्मित मथुरा मुक्तिधाम में कराया। साथ ही मृतका की तेरहवी का भी इंतजाम अपने स्तर से करने की व्यवस्था की। अंतिम संस्कार में पूर्व प्रधान हरिनारायण पासवान, धनंजय सिंह, मनोज वर्मा, देवेन्द्र यादव, बब्बन यादव आदि मौजूद रहे

# निशाने पर खाकी ....................

## आखिर पुलिस पर जनता का भरोसा क्यों नहीं कायम हो पा रही है।

**समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023 :- लगता है कि बिहार पुलिस का एकबाल खत्म हो गया है तभी सदैव आपकी सुरक्षा में तत्पर रहने की दावा करने वाली पुलिस पर हमला की घटना में अधिक वृद्धि हुई है। क्या पुलिस को शराब माफिया से डर लगता है या उस गुंडों से जिसको वह पहले संरक्षण दे चुकी है। जिस बिहार पुलिस को लोगों की सुरक्षा की जिम्मेवारी है वह खुद सुरक्षित नहीं है ,और आए दिन पुलिस पर हमले होते आ रहे हैं। घटना चाहे औरंगाबाद सिमरा थाना की हो या जहानाबाद या पटना से सटे धनरुआ में पुलिस टीम पर हुए हमले की घटना हो।

***पटना से सटे धनरुआ में पुलिस टीम पर हुए हमले में 25 पुलिसकर्मी घायल हुए और सभी अस्पताल पहुंच गए वही एक जनता की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए।***

कभी पुलिस पब्लिक पर लाठी भांज रही है तो कहीं पब्लिक पुलिस पर पत्थर बरसा रही है दोनों तरफ से वार पलटवार हो रहा है। ना पुलिस पब्लिक को पीटने में पीछे हट रही और.न पब्लिक मानने को तैयार है। वर्तमान में पुलिस पर हमले तेज हुए हैं मामला चाहे वारंटी को गिरफ्तार करने की हो या शराब माफिया, अवैध खनन से जुड़े माफिया को पकड़ने की बात हो,पुलिस को लोगों की गुस्सा का शिकार होना पड़ रहा है।

पुलिस विभाग में अवकाश प्राप्त कर चुके वरीय पदाधिकारियों का मानना है कि कहीं ना कहीं पुलिस पब्लिक के बीच बिगड़ते रिश्ते का नतीजा है। खासकर बिहार में पुलिस पर लोगों का घटते विश्वास एक बहुत बड़ा कारण है। इसके अलावा पुलिस का गिरता



मनोबल भी बढ़ते अपराध का कारण है। यही कारण है कि जनता फर्कंकेट नहीं कर पा रही है कि जनता के प्रति पुलिस ईमानदार है या किसी और के प्रति? यदि आपका मोबाइल फोन गुम हो जाए तो खोने का आपको उतना गम नहीं होगा ,जितना आप एफ आई आर कराने की बात सोच कर परेशान हो जाएंगे। और थाना पहुंचने के पहले यह सोच सोचकर आप परेशान हो जाएंगे कि थाने पर थानेदार या उनके अधीनस्थ पुलिसकर्मी हमारे साथ कैसा व्यवहार करेंगे।

पुलिस के स्लोगन से ऐसा प्रतीत होता है कि आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहने की नारा केवल पुलिस गाड़ियों पर लिखने के लिए है।

***नवयुग का स्वर्णिम प्रभात में औरंगाबाद जिले को तोहफे के रुप में मिले नए एसपी ,***

***फिर भी औरंगाबाद जिले में थानेदारों द्वारा.अपराध कर्मियों का संरक्षण का खेल है जारी।***

***आखिर औरंगाबाद जिले में कब लगेंगे पुलिस की दादागिरी, मनमानी एवं तानाशाही पर रोक।***

जब तक पुलिस अपने रवैया को नहीं सुधारती तब तक इस प्रकार की घटना पर लगाम लग पाना संभव नहीं है। भारत में 76 साल बीत जाने के बाद आज भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था के बाद पुलिस से डर लगता है। क्या राज्य की एजेंसियां खासकर पुलिस की मानसिकता बदलने के लिए 76 साल भी कम है ?आखिर क्यों भारत की पुलिस ब्रिटिश राजतंत्र के दमनकारी अवशेषों को आज भी ढ़ो रही है? शायद पुलिस वालों से ज्यादा गलती है सत्ताधारी वर्ग का है जिसने राज्य की प्रमुख कानून को प्यारी संस्था को अपना गुलाम बना कर रखा है।

उपरोक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद से पक्ष जानने का प्रयास सोशल मीडिया के माध्यम से किया गया किंतु समाचार प्रेषण तक किसी तरह का कोई प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हो सका है इसके लिए समाज जागरण के पत्रकारों द्वारा 3 दिनों से लगातार संपर्क का प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका है,**शेष अगले अंक मे पढ़े।**

# सनबीम में उच्च शैक्षिक अध्ययन व रोजगार के टिप्स पाकर बच्चों के चेहरे खिले

## *बड़े शहरों के बच्चों की तरह बलिया जैसे छोटे शहर में भी अवसर पाए बच्चे*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : अस्थियां बेधती कड़कड़ाती ठंड में विभिन्न प्रदेशों से पधारे 30 यूनिवर्सिटीज के एक्सपर्ट्स व कैरियर काउंसलर्स का उत्साह बच्चों व व्यवस्था को देखकर प्रतिकूल मौसम पर भी भारी पड़ गया। यद्यपि इस 'ग्रेट एजुकेशन एक्सपो-2023' के मेले में सूर्य ने भी अपनी किरण की उपस्थिति दर्ज करा दी थी। लगभग 10:30 पूर्वाह्न से 4:00 अपराह्न तक लगे इस मेले में बच्चों ने समग्र मनोयोग से अपना उत्साह दिखाया।

मेले में विभिन्न कैरियर काउंसलर्स व एक्सपर्ट्स ने बच्चों को उनकी प्रतिभा, इच्छा,उचित कार्य क्षेत्र के निमित्त सुझाव व जानकारी प्रदान की। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक व मीडिया प्रभारी डॉ नवचंद्र तिवारी ने आगे बताया कि यह विशाल मेला 'हाईटेक सर्विसेज एंड सॉल्यूशन जयपुर' के सीईओ रामरतन माहेश्वरी के दिशा-निर्देश में सनबीम स्कूल अगरसंडा द्वारा आयोजित किया गया था। इस मेले में नोएडा, चंडीगढ़, गुरुग्राम, ग्वालियर, बंगलोर, रुड़की, लखनऊ, गांधीनगर, देहरादून, विशाखापट्टनम आदि बड़े शहरों के यूनिवर्सिटीज के एक्सपर्ट्स मौजूद थे। इस प्रकार का आयोजन जनपद में पहली बार था। रजिस्ट्रेशन निःशुल्क था। इनमें से कुछ ऐसे यूनिवर्सिटीज हैं जो 90% या इससे ऊपर अंक पाए बच्चों को स्कॉलरशिप के तहत निशुल्क शिक्षा देते हैं। गरीबी रेखा से निम्न जीवन यापन वाले बच्चों से 50% शुल्क ही लिया जाता है। विद्यार्थियों के सदैव सर्वांगीण विकास में प्रयासरत विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि पहले अभिभावक बच्चों पर पढ़ने हेतु विज्ञान को ही महत्व देते थे। परंतु आज विकास के अनेकानेक क्षेत्र कार्य कर रहे हैं। बस आपको सही समय पर उचित मार्गदर्शन चाहिए। इसके लिए विद्यालय सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने अवकाश व प्रतिकूल मौसम में भी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग करने पर उनकी प्रशंसा भी की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मेले में आए सभी कैरियर विशेषज्ञों, अभिभावकों व बच्चों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के चेयरमैन संजय पांडेय, निदेशक व प्रधानाचार्या ने मंच पर जनपद अपर न्यायाधीश सहित सभी एक्सपर्ट्स व काउंसलर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रशासक एस के चतुर्वेदी, कोऑर्डिनेटर्स पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू पांडेय,निधि सिंह सहित समस्त शिक्षक गण, कार्यालय स्टाफ व शिक्षणेत्तर कर्मचारी



मौजूद रहे। संचालन सान्या दुबे व सर्वकृतिका सिंह ने किया।

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर भी

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश जितेंद्र कुमार पांडेय (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया) के निर्देशानुसार रविवार को ही 'विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर' का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश नरेंद्र पाल राणा (सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया) के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उन्होंने विद्यालय प्रबंध तंत्र के साथ विद्यालय के नए वर्ष के कैलेंडर का भी लोकार्पण किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को बताया कि यहां सनबीम में विभिन्न स्टाल पर बैठे एक्सपर्ट्स व काउंसलर्स देश के उच्च टेक्नोलॉजी से युक्त सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के हैं। विद्यालय ने बड़े ही सलीके से बच्चों के हित में ऐसा शानदार व प्रशंसनीय आयोजन किया है। बस आपको अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना है। उन्होंने आगे बताया कि जनपद न्यायालय में 31 जनवरी को 'विशेष लोक अदालत' व 11 फरवरी को 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का भी आयोजन किया गया है।

# नोएडा के इस्कॉन मंदिर में हुआ 22वीं अखिल भारतीय "भारत को जानो प्रतियोगिता "का आयोजन


**समाज जागरण,**

भारत विकास परिषद द्वारा दिनांक 07-08 जनवरी को नोएडा सेक्टर 33 के इस्कॉन मंदिर के सभागार में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ '

भारत विकास परिषद की सम्पूर्ण भारत वर्ष में लगभग 1465 शाखाएं व 66000 परिवार सदस्य हैं ' पूरे भारत वर्ष में 79 प्रान्त व 10 रीजन हैं ' भारत को जानो प्रतियोगिता कुल पाँच चरण में पूर्ण होती है ' जिसमें लगभग 9700 विध्यालयौ से 13 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ़इस प्रतियोगिता की विशेषता है कि इसमें सिर्फ और सिर्फ भारत से सम्बंधित प्रश्न ही पूछे जाते है जिसके माध्यम से भारत के गौर-वशाली एवं वैभवशाली इतिहास और प्रगतिशील भारत की जानकारी बच्चों को दी जाती है।

प्रथम चरण विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता, द्वितीय चरण अन्तर विद्यालय प्रतियोगिता, तृतीय चरण प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता, चतुर्थ चरण रीजन स्तरीय प्रतियोगिता और पांचवा और अंतिम चरण होता है राष्ट्र स्तरीय अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता ' आज अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता में 10 रीजन से कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने भाग लिया ' प्रतियोगिता का संचालन भारत को जानो के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री राकेश सचदेवा जी ने किया '

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्री महेश गुप्ता ( उटऊ-डील्ल३ फ्ड) जी उपस्थित रहे। उन्होंने भारत विकास परिषद के इस प्रकल्प की बहुत प्रशंसा की, भारत के भविष्य यानि युवाओं को भारत के विषय में अद्भुत ज्ञान भारत विकास परिषद द्वारा प्रकाशित भारत को जानो नामक पुस्तिका के माध्यम से दी जाती है ' देश के समस्त विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और अपने राष्ट्र कर्तव्य के साथ साथ अपने राष्ट्र पर गर्व करने के बोध को जाग्रत करने का कार्य किया जा रहा है '




कार्यक्रम में नोएडा सांसद आदरणीय डॉ महेश शर्मा जी का विशिष्ट अतिथि के रूप में सानिध्य प्राप्त हुआ '

सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से कहा कि भारत माता की सच्ची सेवा यदि कहीं हो रही है तो वह भारत विकास परिषद के द्वारा ही हो रही है 'भारत विकास परिषद विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा समाज की सेवा के कार्यक्रम करते हैं 'उनमें प्रमुख रूप से गरीब कन्याओं का सरल सामूहिक वि-वाह, विकलांग / दिव्यांग जनों को निशुल्क कृत्रिम अंग लगवाना, अंगदान, देहदान, रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के द्वारा समाज की सच्ची सेवा की जा रही है ' डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र फरीदाबाद, भारत विकास परिषद चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र कोटा के माध्यम से गरीब लोगों को बहुत ही कम कीमत में गंभीर रोगों का इलाज किया जाता है '

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गजेंद्र सिंह संधू जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री श्याम शर्मा जी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन जी, वित्त मंत्री उअ महेश बाबू गुप्ता जी, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ तरुण शर्मा जी, स्वागत अध्यक्ष श्री अनुज फरसैया जी, क्षेत्रीय महासचिव श्री अनुराग दुबलिश जी, चेयरमैन आयोजन समिति श्री नवीन कुमार जी, प्रांतीय अध्यक्ष श्री पंकज सक्सेना जी, प्रांतीय महासचिव श्री नरेंद्र शर्मा जी, प्रांतीय वित्त सचिव श्री विपिन अग्रवाल जी, प्रांतीय महिला संयोजिका श्रीमती मुक्ता अग्रवाल जी, नोएडा स्वर्णिम शाखा अध्यक्ष श्री नेवैद्य शर्मा जी, सचिव श्री विनय कृष्ण चतुर्वेदी जी, कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा जी व जिला गौतम बुद्ध नगर की समस्त टीम में नोएडा शाखा, गौतम बुद्ध शाखा, नव ऊर्जा शाखा, जानकी वल्लभ शाखा, सर्वगुण शाखा, दादरी शाखा एवं प्रान्त की कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रान्त की समस्त टीम के अथक मेहनत व परिश्रम से कार्यक्रम सफलता तक पहुंचा '

# कट,कट,खट तेगा बोले,बोले छपा छप्पर तलवार

बुंदेलखंड में आल्हा ऊदल वीर गाथा में एक पंक्ति मुझे अक्सर आज की राजनीति के संदर्भ में उपयोगी लगती है। पंक्ति है -' खट,खट,खट तेगा बोले,बोले छपा छप्पर तलवार । कांग्रेस ने जब श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना अध्यक्ष चुना था तब भाजपा समेत सबने उनकी खिल्ली उड़ाई थी,अब वे ही खड़गे साहब अब भाजपा के लिए जिस अंदाज में सवाल खड़े कर रहे हैं उसे देखकर लगता है कि उनकी खड्ग में जंग नहीं लगी है।

हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम अगले साल एक जनवरी तक पूरा होने की गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा को लेकर उनपर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या शाह राम मंदिर के पुजारी हैं जो ऐसी घोषणा कर रहे हैं?

मुझे लगता है कि मल्लिकार्जुन ज का सवाल जायज है, क्योंकि एक गृहमंत्री किसी मंदिर निर्माण क बारे में कैसे घोषणा कर सकता है ? मंदिर को कोई लोक निर्माण विभाग तो बना नहीं रहा। हां ऐसी घोषणा साधु-संतों को करनी चाहिए और गृह मंत्री के तौर पर शाह का जो कर्तव्य है उन्हें उस पर ध्यान देना चाहिए.

आपको स्मरण करा दूं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में गुरुवार को एक चुनावी रैली में. राहुल गांधी पर हमला बोलते हुये कहा था,कि ह्यह्यराहुल बाबा सुनिये, एक जनवरी 2024 तक भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा।

राम मंदिर भगवान राम के लिए कभी कोई समस्या नहीं रहा। मंदिर को लेकर सबसे ज्यादा परेशान अगर कोई है तो वो भाजपा है। शतायु होने जा रहे लालकृष्ण आडवाणी से लेकर अमित शाह तक मंदिर को लेकर परेशान रहे हैं।राम जी का भाजपा पर बड़ा ऋण है। रामजी की कृपा से ही भाजपा की पहले 16 दिन, फिर 06 साल 64 दिन और बाद में 8 साल 264 दिन पूरी कर चुकी मोदी सरकार बनी थी ।

दरअसल भाजपा को रामजी अपने हाथ से निकलते दिखाई दे रहे हैं। पिछले दिनों राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास और श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने भी राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो यात्रा' की सराहना कर भाजपा का सिरदर्द और बढ़ा दिया है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की कथित कामयाबी से आतंकित सत्तारूढ़ भाजपा को लगता है कि कहीं रामजी ने भाजपा का साथ छोड़ दिया तो 2024 में चुनावी वैतरणी कैसे पार होगी ?

कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी खूब बरस रहे हैं। खरगे ने यात्रा के दौरान अनेक सभाओं में भी यह आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा लालच देकर और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके चुनी हुई सरकारों को अस्थिर किया जा रहा है.

खड़गे अब राहुल गांधी को मोदी -शाह की जोड़ी के समकक्ष खड़ा करने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दे रहे , वे राहुल गांधी की वकालत करते हुए कहते फिर रहे हैं।वे कहते हैं किह्यह्यराहुल गांधी जी की लड़ाई महंगाई के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ है. वह युवाओं के लिए रास्ते पर आकर लड़ रहे हैं.जबकि ह्यमोदी जी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, अमित शाह जबसे गृह मंत्री बने हैं तबसे सिर्फ चुनाव के चक्कर में पड़े रहते हैं...वे दूसरे राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ करते हैं. ईडी और दूसरी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हैं." खरगे ने दावा किया, ह्यह्यभाजपा ने कुछ राज्यों में कांग्रेस के लोगों को पैसे का लाचल देकर या फिर ईडी का डर दिखाकर अपने साथ लिया और सरकारें गिराई."

बहरहाल चुनावी आल्हा में आने वाले दिनों में और मजा आने को है। चुनावी आल्हा में परिदृश्य तेजी से बदलने वाला है।न जाने कितने किरदार गायब हो जाएंगे और न जाने कितने अवतरित होंगे? भारत जोड़ो यात्रा का भी समापन हो चुकेगा। राहुल गांधी की दाढ़ी भी अतीत का हिस्सा बन जाएगी।तब तक आप भी अपने आप को तैयार कर लीजिए।

**@ राकेश अचल**

# प्रवासी भारतीय दिवस

प्रवासी भारतीय दिवस या अनिवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को पूरे भारत में मनाया जाता है। 9 जनवरी 1915 को प्रवासी भारतीय दिवस के रूप में मान्यता दी गई है क्योंकि इसी दिन महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे और अंततः दुनिया भर में प्रवासी भारतीयों और औपनिवेशिक शासन के तहत लोगों के लिए और भारत के सफल स्वतंत्रता संघर्ष के लिए प्रेरणा बने। यह दिन हर साल प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के रूप में मनाया जाता है। प्रवासी भारतीय दिवस 'प्रवासी भारतीय मामले मंत्रालय' का प्रमुख कार्यक्रम है।

**प्रवासी भारतीय समुदाय**

भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा डायस्पोरा है। प्रवासी भारतीय समुदाय अनुमानतः 2.5 करोड़ से अधिक है। जो विश्व के हर बड़े क्षेत्र में फैले हुए हैं। फिर भी किसी एक महान् भारतीय प्रवासी समुदाय की बात नहीं की जा सकती। प्रवासी भारतीय समुदाय सैंकड़ों वर्षों में हुए उत्प्रवास का परिणाम है और इसके पीछे विभिन्न कारण रहे हैं, जैसे- वाणिज्यवाद, उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण। इसके शुरू के अनुभवों में कोशिशों, दुःख-तकलीफों और दृढ़ निश्चय तथा कड़ी मेहनत के फलस्वरूप सफलता का आख्यान है। 20वीं शताब्दी के पिछले तीन दशकों के उत्प्रवास का स्वरूप बदलने लगा है और "नया प्रवासी समुदाय" उभरा है जिसमें उच्च कौशल प्राप्त व्यावसायिक पश्चिमी देशों की ओर तथा अकुशल,अर्धकुशल कामगार खाड़ी, पश्चिम और दक्षिण पूर्व एशिया की ओर ठेके पर काम करने जा रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह प्रवासी भारतीय सम्मान समारोह के दौरान**

इस प्रकार, प्रवासी भारतीय समुदाय एक विविध विजातीय और मिलनसार वैश्विक समुदाय है जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करता है। एक आम सूत्र जो इन्हें आपस में बांधे हुए है, वह है भारत और इसके आंतरिक मूल्यों का विचार। प्रवासी भारतीयों में भारतीय मूल के लोग और अप्रवासी भारतीय शामिल हैं और ये विश्व में सबसे शिक्षित और सफल समुदायों में आते हैं। विश्व के हर कोने में, प्रवासी भारतीय समुदाय को इसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, हस्तक्षेप न करने और स्थानीय समुदाय के साथ सफलतापूर्वक तालमेल बनाये रखने के कारण जाना जाता है। प्रवासी भारतीयों ने अपने आवास के देश की अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है और स्वयं में ज्ञान और नवीनता के अनेक उपायों का समावेश किया है। [1]

**प्रवासी भारतीय दिवस**

प्रवासी भारतीय दिवस को मनाने की शुरूआत सन 2003 से हुई थी।

प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें उन भारतीयों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने विदेश में जाकर भारतवर्ष का नाम ऊँचा किया है।

प्रवासी भारतीय देश की उन्नति

मैं जहां भी रहूँ, मैं कहीं भी रहूँ तेरी याद आती है, भले जिस्म से भारतीय किसी भी देश में बस गए हों लेकिन आज भी उनका दिल भारत के लिए धड़कता है। वह आज भी होली, दीपावली, ईद मनाते हैं। टीम इंडिया की विजय की कामना करते हैं और हर पल भारत वापस आने की सोचते हैं।

**वर्ष क्रम**

2003 से लेकर अब तक हर साल भारत के किसी भी शहर में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। अब तक मनाए गए सभी प्रवासी भारतीय दिवस की एक अनुसूची निम्नलिखित है-

2003 पहला प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2004 दूसरा प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2005 तीसरा प्रवासी भारतीय दिवस, मुंबई
2006 चौथा प्रवासी भारतीय दिवस, हैदराबाद
2007 पांचवा प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2008 छठां प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2009 सातवां प्रवासी भारतीय दिवस, चेन्नई
2010 आठवां प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2011 नवां प्रवासी भारतीय दिवस ,नई दिल्ली[2]
2012 दसवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, जयपुर, राजस्थान
2013 ग्यारवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, कोच्चि, केरल
2014 बारहवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2015 तेरहवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, गाँधीनगर, गुजरात
2016 चौदहवां प्रवासी भारतीय दिवस, प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2017 पंद्रहवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, बेंगलुरु, कर्नाटक
2018 सोलहवां प्रवासी भारतीय दिवस, सिंगापुर

इतिहास से

भारत के पांच हजार से भी पुराने महान् इतिहास में इस देश में विश्व के विभिन्न भागों से हर तरह के हमलावर एवं आगंतुक आते रहे हैं। इस प्रक्रिया में, अपने इतिहास के दौरान भारत ने अनेक संस्कृतियों एवं सभ्यताओं को समाहित किया है तथा सभी हमलावरों ने अंततः भारत को अपने घर के रूप में अपनाया है। भारत में विदेशियों के आने का सिलसिला आर्यों से शुरू हुआ जो मध्य एशिया ये यहां आए थे तथा यह सिलसिला अंग्रेजों के समय तक चलता रहा जिन्होंने हमारे पहले अनिवासी भारतीय - मोहनदास करमचंद गांधी के नेतृत्व में महान् स्वतंत्रता संघर्ष के कारण भारत छोड़ा।

8 जनवरी, 2013 को केरल में 11वें प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जो भारतीय सबसे पहले विदेश गए वे सम्राट अशोक के दूत थे जो ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का प्रसार करने के लिए गए थे। इसके बाद चोल वंश ने



अपनी शाखाओं को सुदूर पूर्व में फैलाया। ऐसा कहा जाता है कि भारत के व्यापारियों ने अपने खुद के पोतों का निमार्ण किया था तथा वे कारोबार की तलाश में रोम एवं चीन तक जा पहुंचे थे। 19वीं शताब्दी के दौरान तथा भारत में ब्रिटिश शासन की समापित तक, भारत के लोग करारनामा प्रणाली के अंतर्गत अंग्रेजों के अन्य उपनिवेशों - मॉरीशस, गुयाना, कैरेबियन, फिजी एवं पूर्वी अफ्रीका में गए। इसी अवधि में गुजराती एवं सिंधी सौदागर अडेन, ओमान, बहरीन, दुबई, दक्षिण अफ्रीका एवं पूर्वी अफ्रीका, जिसमें से अधिकांश पर अंग्रेजों का शासन था, में जा कर बस गए। [3]

**छठा प्रवासी भारतीय दिवस**

छठवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा संयुक्त रूप से 7-9 जनवरी, 2009 को चेन्नई में किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया। भारत की माननीय तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवीसिंह पाटील ने 9 जनवरी को समापन सत्र में भारतीय मूल के 13 व्यक्तियों को प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किए।

प्रवासी भारतीय सम्मान पाने वालों का चयन भारत के माननीय उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित ज्यूरी सह अवॉर्ड समिति द्वारा किया जाता है।

प्रवासी भारतीय दिवस 2009 में सूरीनाम के उपराष्ट्रपति रामदीन सरदजोई मुख्य अतिथि थे।

# विपक्षी जातिगत राजनीति

किसी सामाजिक संस्था की उत्पत्ति और विकास के पीछे उसकी उपयोगिता होती है! हजारों बर्ष पूर्व की वर्ण व्यवस्था, जो कि जातिव्यवस्था का हीं आरम्भिक रुप रहा है, सामाजिक संगठन एवं सुव्यवस्था को सुचारू रुप से बनाये रखने एवं विकास के नये सोपानों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विकसित हुआ! इस व्यवस्था का मूख्य उद्देश्यों में भारत के विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रजातीय समूहों को एक सामान्य संगठन का स्वरूप देना और उनके बीच संघर्ष एवं स्पर्धा को न्यूनतम करके धार्मिक धारणाओं को आधार बनाकर, समाज में सरल श्रमविभाजन लाना तथा विभिन्न जातीय खण्डों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को निश्चित करके, संस्कृति की रक्षा एवं उत्तरोत्तर विकास के नये सोपानों को प्राप्त करना रहा था! जिसके परिणामस्वरूप भारत और उसकी संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ स्थिति को प्राप्त था जबकि उस समय युरोप बर्बरता के युग में जी रहा था! वर्ण व्यवस्था एवं तत्पश्चात जातिव्यवस्था की हीं देन है कि समकक्ष संस्कृतियाँ यथा-बेबिलोनिया, मिसोपिटामिया, रोम, युनान आदि,काल के गाल में विलीन हो गयी लेकिन भारतीय संस्कृति अपना परचम फहराती रही!

समाज में जातिप्रथा जहाँ व्यक्तिगत तौर पर सामाजिक प्रस्थिति, मानसिक सुरक्षा, पेशा, जीवन साथी का चुनाव, सामाजिक सुरक्षा, प्रदान करती थी वहीं व्यक्ति के व्यवहारों को नियमों एवं प्रतिबंधों द्वारा नियंत्रित करने का प्रमुख साधन था ! (जबर्दस्त अनोपचारिक साधन)

सामुदायिक स्तर पर लोगों की धार्मिक भावनाओं की रक्षा, रक्त की शुद्धता, संस्कृति की रक्षा, एवं सामाजिक प्रस्थिति प्रदान करने का कार्य करता था! सामाजिक स्तर पर,समूह की संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए समग्र विकास को प्रोत्साहित करने, राजनीतिक स्थिरता, सरल श्रमविभाजन, सुप्रजनन,सामाजिक ढ़ाचे का आधार होने के साथ साथ हर क्षेत्र में विशेषज्ञ पैदा करने का मूख्य श्रोत बना!

आज यदि हिंदू धर्म या संस्कृति दिख रही है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान जातिप्रथा का है! भारत विगत हजारों बर्षों से बाहरी आक्रमणकारियों से आक्रान्त रहा है! मुगल के पहले जितने भीआक्रमणकारी आये यथा-शक, हुण, यमन, इनकी अलग सामाजिक स्थिति नहीं रही बल्कि जातिव्यवस्था ने इन्हें आत्मसात कर लिया! मुगल अपनी अलग आक्रमणकारी संस्कृति लादने का भरपूर प्रयास किये लेकिन हिन्दूओं की आंतरिक जातिव्यवस्था ने ढाल का काम किया!

आज जातिव्यवस्था को सड़ी-गली, निरर्थक और बेकार संस्था कहकर आलोचना करना फैशन बन गया है विशेष कर राजनीति के क्षेत्र में ! ठीक है! हजारों बर्षों के विकास के क्रम में एवंअपने




अस्थित्व की रक्षा के क्रम में (मुगल काल) विसंगतियां आयीं हैं जिसका इस आधुनिक काल में तेजी से परिमार्जन भी हो रहा है!

मोटे तौर पर किसी भी सामाजिक संस्था की स्थिरता एवं समाप्ति सामाजिक मूल्यों, मनोभावों, भौतिक परिस्थितियों आदि पर निर्भर करता है! जातिव्यवस्था में बदलते परिवेश से अनुकूलन करने की क्षमता है तभी हजारों बर्षों से ये जीवित है!

मुगल काल से पहले जातियों के बीच एक आदर्श सामाजिक समरसता थी! न छूआछूत और न अमानवीय व्यवहार प्रतिमान! सामाजिक ढ़ांचे का स्तम्भ-मनुस्मृति में मात्र, 620 के आसपास श्लोक थे लेकिन मुस्लिम संस्कृति विद्वानों के माध्यम से, हिन्दूओं में जातिगत घृणा फैलाने का कुचक्र चलाया गया और मनुस्मृति में जातियों के बीच जहरवाद और फूट डालने के उद्देश्य से नये नये भरे गये! यह नीति अंग्रेजों ने भी बरकरार रखा ! परिणामस्वरूप हिन्दूओं के बीच जातिगत खाइयाँ हद पार करने लगीं ! और छोटी जातियों को मुस्लिम और बाद में ईसाई बनाने में सफलता मिली ! परिस्थितियों ने जातिव्यवस्था की मूल आदर्श व्यवस्था को, पूर्णतः बदल दिया।आज मानवीय एवं संविधानिक प्रस्थितियों के अनुरूप आवश्यक परिवर्तन को स्वीकार करते हुए भारतीय समाज के स्थायित्व पर बल देना अति आवश्यक है! लेकिन वर्तमान भारतीय राजनीतिक परिवेश और वोट की राजनीति ने, मुगलों और अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ने का संकल्प ले रखा है! आजादी के बाद से आजतक जातिगत दुगुर्णों में काफी बदलाव लाया है लेकिन ये जाति पर राजनीति करने वाली पार्टियां, धो- पोछकर पुनः द्वेष और घृणा, चमका दे रहीं हैं!

आइये जरा इधर देखें--बिहार, यूपी आदि राज्यों में राजनीति का धरातल,जातिगत राजनीति पर हीं टिका रहा है! चाहे बिहार के लालुजी की आरजेडी हो या नितीश की जेडीयू! बिहार में, नितीशजी को प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब तड़पाने लगा है इसलिए विपक्षी एकता के साथ साथ हिंदूओं को जातिवाद की गहरी खाई में ढकेलने को कमर कस चूके हैं! जिसके तहत बिहार में 7 जनवरी से नितीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट लंच हो गया है जिसे " जातीय जनगणना " के नाम से जाना जाता है! इस प्रोजेक्ट के लिए 500 करोड़ अलॉट कर दिया गया है! जिसे पुरा करने हेतु 35000 कर्मचारियों को लगाया गया है!

नितीश कुमार अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रहे हैं! इससे पहले अंग्रेजों ने 1930 में जातिगत जनगणना करायी थी जिसका स्पष्ट उद्देश्य था -- "बांटो और राज करो" ! नितीशजी भी जातिवाद के आधार पर अखिल भारतीय हिन्दू तोड़ो अभियान को धरातल देने के क्रम में राहुल गांधी के तर्ज पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक राष्ट्रीय यात्रा आरम्भ कर रहे हैं ताकि विपक्ष को सत्ता में लाया जा सके जिसमें अपने प्रधानमंत्री बनने का भाव परदे में रहेगा!

यही हाल तकरीबन यूपी की रही है मायावती हों या मुलायम बस हिंदूओं को "तोड़ो और राज करो" वाली नीति रही है! इस जातिवादी राजनीति का बड़ा हीं भयंकर परिणाम सनातन संस्कृति एक हिन्दू धर्म पर छाने लगा है जबकि जिस जातिवादी राजनीति को लेकर ये सत्ता में आते हैं उन जातियों का कल्याण हुआ हो ऐसा बिलकुल नहीं है! हाँ ये जातिगत राजनीति करने वाले खाकपति से अरबपति जरूर बन गये!

वर्तमान, हिन्दूओं के लिए बड़ा हीं संक्रमण का दौर है। हमें बड़े हीं धैर्य और संकल्प के साथ शेष जातिगत असंतुष्ट प्रस्थितियों का प्रतिकार करना होगा। हमें ऐसे जातिवादी राजनीति करने वालों से सतर्क रहने की आवश्यकता है और अपने समाज के नासमझ लोगों को समझना भी होगा कि असल में ऐसे नेताओं का उद्देश्य पिछड़ों का उत्थान करना नहीं बल्कि अपने स्वार्थ के लिए उनके जातिगत इमोशन को भुनाना है!

आज जातिव्यवस्था के अवगुणों में जो उंच- नीच का भाव है या सोसल स्टेट्स निर्धारित करने की स्थिति है उसमें काफी बदलाव आ चूका है क्योंकि आज समाज में सामाजिक प्रस्थिति का निर्धारक तत्व जाति नहीं बल्कि धन हो चला है! अतः विकास को प्राथमिकता देना चालाकी होगी न की जाति को!!

खैर अन्त में, मैं यह निश्चित रूप से कहुँगा कि जबतक हिन्दू,इस व्यवस्था को अपनाते रहेगें तबतक भारत, भारत हीं रहेगा और जिस दिन जातिव्यवस्था से भारतीय समाज विमुख होगा, भारत हिन्दूओं का भारत नहीं रह जायेगा।



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

## 10जनवरी विश्व हिंदी दिवस

# हिन्दी है पहचान हमारी हिन्दी हम सब की परिभाषा

**रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर**

हिन्दी सागर है तो लोक भाषाएं नदी हैं, एक दूसरे की सहयोगी हैं। आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिन्दी को सरकारी स्तर से वह सम्मान प्राप्त नहीं हो सका जिसका वह अधिकारी है।

बिहार में मगही, भोजपुरी और मैथिली भाषा के साथ हिंदी का संबंध निकट का है। इस संदर्भ में जॉर्ज ग्रियर्सन ने लिखा है कि बंगाल से पंजाब के बीच का हिस्सा मुख्य रूप से गंगा नदी के आसपास के क्षेत्र के लोग द्विभाषी हैं। अपने घर परिवार में अपनी मृत मातृभाषा में बात करते हैं और बाहरी लोगों से हिन्दी में बात करते हैं। यह भाषा साहित्य की खूबसूरती है।

1931 में जनगणना की रपट में डा. हटन ने पूरे बिहार को हिंदीभाषी प्रदेश माना है। यह भी माना गया है कि बिहारी भाषा, जिसे पूर्व में बोलियां कहा जाता था, अब जब मगही, भोजपुरी, मैथिली भाषा का अपना साहित्य का भंडार है तो अब तीनों भाषा हैं और तीनों भाषा के शब्द भंडार से हिन्दी का भंडार भरा हुआ है।

खासकर मगही के आदि कवि सरह पाद को हिन्दी के कई मान्य विद्वानों ने हिन्दी का भी आदि कवि माना है, मगही कुरमाली बोलनेवाले जब बौद्धिक साहित्यिक राजनैतिक सामाजिक एवं अपनी संस्कृति का विकास करते हैं तब हिन्दी को ही अपनाते है।

लोक साहित्य प्रायः मौखिक होता है लेकिन लोककंठ में सुरक्षित रहकर परंपरागत ढंग से प्रवाहित होता रहता है। खासकर प्राचीनतम ऋग्वेद में ऋषि मुनियों के कथन है तो अथर्व वेद लोकजीवन से जुड़ा है। लेकिन दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।

जॉर्ज ग्रियर्सन ने 1889 में मगध, भोजपुर और मिथिला में प्रचलित लोक गाथाओं का संग्रह किया था। गाथा को ज्यों के त्यों रूप में रखा और उसके भावार्थ अंग्रेजी में लिखा था। लोक गाथाओं में आल्हा उदल, विजय महल, गोपीचंद, सोठी बृजभार को बंगाल की पत्रिका में प्रकाशित किया गया। यह स्पष्ट है कि बंगाल से ही प्रथम हिन्दी पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था।

कोटि-कोटि कांठो की भाषा जन मन की मुखरित अभिलाषा।
हिन्दी है पहचान हमारी हिन्दी हम सब की परिभाषा।।

भारत की आत्मा में हिन्दी निवास करती है। हिन्दी के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है। हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए 11 विश्व हिन्दी सम्मेलन अब तक हो चुके हैं। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन नागपुर में हुआ था। 11वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुई में 18 से 20 अगस्त 2018 में संपन्न हुआ था उस समय के विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने उक्त कार्यक्रम में कहा था कि वह दिन दूर नहीं जब हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकृत सातवीं भाषा बनेगी।



**रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर**

# वृंदावनलाल वर्मा

वृंदावनलाल वर्मा (जन्मः 9 जनवरी, 1889; मृत्युः 23 फरवरी, 1969) ऐतिहासिक उपन्यासकार एवं निबंधकार थे। इनका जन्म मऊरानीपुर, झाँसी (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। इनके पिता का नाम अयोध्या प्रसाद था। वृंदावनलाल वर्मा जी के विद्या-गुरु स्वर्गीय पण्डित विद्याधर दीक्षित थे।


**जीवन परिचय**

वृंदावनलाल वर्मा की पौराणिक तथा ऐतिहासिक कथाओं के प्रति बचपन से ही रुचि थी। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा भिन्न-भिन्न स्थानों पर हुई। बी.ए. करने के पश्चात इन्होंने कानून की परीक्षा पास की और झाँसी में वकालत करने लगे। इनमें लेखन की प्रवृत्ति आरम्भ से ही रही है। जब नवीं श्रेणी में थे, तभी इन्होंने तीन छोटे-छोटे नाटक लिखकर इण्डियन प्रेस, प्रयाग को भेजे और पुरस्कार स्वरूप 50 रुपये प्राप्त किये। 'महात्मा बुद्ध का जीवन-चरित' नामक मौलिक ग्रन्थ तथा शेक्सपीयर के 'टेम्पेस्ट' का अनुवाद भी इन्होंने प्रस्तुत किया था।

**साहित्यिक जीवन**

1909 ई. में वृंदावनलाल वर्मा जी का 'सेनापति ऊदल' नामक नाटक छपा, जिसे सरकार ने जब्त कर लिया। 1920 ई. तक यह छोटी-छोटी कहानियाँ लिखते रहे। इन्होंने 1921 से निबन्ध लिखना प्रारम्भ किया। स्काट के उपन्यासों का इन्होंने स्वेच्छापूर्वक अध्ययन किया और उससे ये प्रभावित हुए। ऐतिहासिक उपन्यास लिखने की प्रेरणा इन्हें स्काट से ही मिली। देशी-विदेशी अन्य उपन्यास-साहित्य का भी इन्होंने यथेष्ट अध्ययन किया।

वृंदावनलाल वर्मा जी ने सन् 1927 ई. में 'गढ़ कुण्डार' दो महीने में लिखा। उसी वर्ष 'लगन', 'संगम', 'प्रत्यागत', कुण्डली चक्र', 'प्रेम की भेंट' तथा 'हृदय की हिलोर' भी लिखा। 1930 ई. में 'विराट की पद्मिनी' लिखने के पश्चात कई वर्षों तक इनका लेखन स्थगित रहा। इन्होंने 1939 ई. में धीरे-धीरे व्यंग्य तथा 1942-44 ई. में 'कभी न कभी', 'मुसाहिब जू' उपन्यास लिखा। 1946 ई. में इनका प्रसिद्ध उपन्यास



'झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई' प्रकाशित हुआ। तब से इनकी कलम अवाध रूप से चलती रही। 'झाँसी की रानी' के बाद इन्होंने 'कचनार', 'मृगनयनी', 'टूटे काँटें', 'अहिल्याबाई', 'भुवन विक्रम', 'अचल मेरा कोई' आदि उपन्यासों और 'हंसमयूर', 'पूर्व की ओर', 'ललित विक्रम', 'राखी की लाज' आदि नाटकों का प्रणयन किया। 'दबे पाँव', 'शरणागत', 'कलाकार दण्ड' आदि कहानीसंग्रह भी इस बीच प्रकाशित हो चुके हैं।

**पुरस्कार व उपाधि**

वृंदावनलाल वर्मा जी भारत सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश राज्य के साहित्य पुरस्कार तथा डालमिया साहित्यकार संसद, हिन्दुस्तानी अकादमी, प्रयाग (उत्तर प्रदेश) और नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के सर्वोत्तम पुरस्कारों से सम्मानित किये गये हैं। अपनी साहित्यिक सेवाओं के लिए वृंदावनलाल वर्मा जी आगरा विश्वविद्यालय द्वारा डी. लिट. की उपाधि से सम्मानित किये गये। इनकी अनेक रचनाओं को केन्द्रीय एवं प्रान्तीय राज्यों ने पुरस्कृत किया है।

**कृतियाँ मृगनयनी**

वृंदावनलाल वर्मा जी की इतिहास, कला, पुरातत्त्व, मनोविज्ञान, साहित्य, चित्रकला एवं मूर्तिकला में विशेष रुचि है। इनकी प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार है-

# संक्षिप्त न्यूज

## अचला सप्तमी सूर्य पूजा की सफलता को लेकर संघर्ष समिति व ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी के तत्वधान में किया गया बैठक

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (बिहार)- 8 जनवरी 2023 -संज्ञा समिति व ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी के संयुक्त तत्वाधान में टिकारी स्थित श्री श्री 1008श्री बुढ़वा महादेव स्थान मंदिर प्रांगण में दिनांक 28जनवरी 2023को अचला सप्तमी सूर्य पूजा की सफलता हेतु एक बैठक आहूत किया गया। इस बैठक में उपस्थित लोगो ने अपना- अपना विचार साझा किया। लोगो ने ग्राम- वार भ्रमण कर कोष -संग्रह सभी को निमंत्रण पत्र देकर ज्यादा से ज्यादा लोगो की उपस्थिति पर बल दिया गया। उपस्थित होने वालों में गोविंद पाठक, जगदीश मिश्र, अनुमंडल सचिव संज्ञा समिति ललित कुमार मिश्र,श्री योगेंद्र वैध, शंभू पाठक,उपेंद्र मिश्र, श्री प्रदीप गौतम, श्री अनिल कुमार मिश्र, अनुमंडल सचिव ब्राह्मण जागृति मंच श्री शिवबल्लभ मिश्र, सत्येंद्र मिश्र, रामकृष्ण त्रिवेदी,सुशांत मिश्र, नारायण मिश्र, जितेंद्र मिश्र, बिपिन मिश्र, सुमित मिश्र, संतोष पाण्डेय,सहित दर्जनों मग बंधु शामिल हुए। अध्यक्षता अनुमंडल सरंक्षक गोविंद पाठक ने किया '



## लोक अदालत में कमजोर वर्गो को अधिक से अधिक कैसे लाभ मिल सके की तैयारियों में जुटे प्राधिकार के माननीय सदस्य।

### काश, औरंगाबाद जिले के अन्य स्थानों पर भी ऐसा प्रयास होता!

**समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता**

औरंगाबाद( बिहार) 8 जनवरी 2023:- पैनल अधिवक्ताओं द्वारा पंचायत भवन कोचाढ़ ,थाना बारुण ,जिला औरंगाबाद में एक सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमें समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क विधिक सहायता हेतु आवेदन तैयार करना तथा उनके द्वारा लोक अदालत में अधिक से अधिक कैसे लाभ मिल सके, इसकी विस्तृत जानकारी पैनल अधिवक्ता हरेंद्र कुमार के द्वारा दिया गया। लोक अदालत में कमजोर वर्ग के लोगों को कैसे लाभ मिलेगा इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह पीएलबी, प्रियंका कुमारी एएनएम ,मोहम्मद गुलाम हैदर सीएसपी अमरावती देवी उपसरपंच उपस्थित थे ।



## उपसरपंच के सौजन्य से बांटे गए कंबल वितरण

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता सत्यदेव सिंह, हसपुरा (औरंगाबाद)**

हसपुरा -- कड़ाके की ठंड में गरीबों को तन ढ़कने के लिए कंबल वितरण किया जाना पुण्य कार्य है। उक्त बातें हसपुरा बाजार के दक्षिण मुहल्ला स्थित एक नीजी मैरेज हांल में कंबल वितरण के मौके पर अतिथि अमीत कुमार,रोहित कुमार, अभिमन्यु कुमार,राजा कुमार,पप्पु कुमार,बीटू कुमार,भीम कुमार, अंकित कुमार,श्रवण प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा आर्थिक मजबूत कोई हो सकता है लेकिन समाजहीत में कार्य करने वाले कुछ लोग ही मिलते है। उसमें हसपुरा ग्रामकचहरी के उपसरपंच सोनु कुमार शामिल हैं। उपसरपंच के सौजन्य से गरीबों के वितरण किया जाना समाजहीत में है। उपसरपंच ने कहा ऐसी प्रेरणा मुझे माता पिता से मिला है।वे कहते हैं मानव जीवन में दुसरे की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। गरीबों की दुआएं जीवन में प्रेरणा का कार्य करेगा।



## वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निदेर्शानुसार कई जावा महुआ शराब भट्ठीया किया गया नष्ट

**दैनिक समाज जागरण गया व्यूरो गजेन्द्र कुमार**

ऑपरेशन विमुक्ति के तहत आमस थाना के राजा बिगहा एवं बिहारी बिगहा के पहाड़ी इलाकों में ड्रोन कैमरा के माध्यम से करीब दस भठ्ठियो को ध्वस्त करते हुऐ करीब 5000 किलो जावा महुआ विनष्ट किया गया है एवं 30 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया है। शराब बंदी को पूर्ण रूपेण लागू कराने में गया पुलिस द्वारा अभियान लगातार चलाया जा रहा है तथा यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



## कबीरिया ट्रस्ट गुलनी ने सैकड़ों गरीब-असहायों के बीच किया कंबल का वितरण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा)। कबीरिया ट्रस्ट गुलनी ने सैकड़ों गरीब- असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। बताया गया कि इसके चेयरमैन डॉ. सलीम और इनके भतीजे प्रोफेसर रिजवान अहमद के सौजन्य से यह कार्य किया जाता है। इनका साथ देने वालों मे इनके भाई मौलाना वसीम नदवी और मोहम्मद उस्मान भी हैं। जानकारी दी गयी कि हाजी यासीन और हाजी अब्दुल हकीम सौ साल पूर्व से ही समाजी मिल्ली कामों में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। वे बगैर किसी भेदभाव के सभी समुदाय के लोगों के गरीब बेबस असहाय लोगों मे रुपया, वस्त्र आदि का वितरण का कार्य किया करते थे। उनकी औलाद उनके इस कार्यों को लेकर आज भी चल रही है।

## पकरीबरावां में तीन लोग गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा)। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि सिलौर गांव से सौरभ कुमार को एससी, एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह वारंटी पिण्डपडवा के गोरेलाल चौहान, मठ गुलनी के वीरू साव को भी गिरफ्तार किया गया है।

## बौद्ध एवं हिंदू धर्मावलंबियों का आस्था का केंद्र बना टिकारी का केसपा ग्राम- हिमांशु शेखर

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार)- 8 जनवरी 2023- टेकारी के केसपा ग्राम इन दिनों बौद्ध एवं हिंदू धर्मावलंबियों का आस्था का केंद्र बन चुका है ' वही केसपा के माँ तारा देवी की महिमा दूर-दूर तक फैल रही है। विगत कुछ दिन पूर्व तिब्बत के धमार्लंबी केसपा गांव का भ्रमण करने आए थे ।वही आज हिमाचल प्रदेश से कई भक्तगण केसपा गांव आए। यंहा उन्होंने माँ तारा देवी मंदिर में पूजा अर्चना किया, एवं उसके पश्चात उन्होंने खुले आकाश के नीचे भगवान बुद्ध की आदमकद प्रतिमा का दर्शन किया। प्रो अरुण कुमार, विक्रम कुमार,रिंटू कुमार, डॉ सुबोध कुमार ने भक्तों को गांव का भ्रमण कराया एवं गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया। ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा है कि यह गांव बौद्ध एवं हिंदू धर्मावलंबियों का आस्था का केंद्र रहा है। इस गांव में पर्यटन की असीम संभावनाएं है,लेकिन सरकारी उपेक्षा की वजह से आज तक यह गांव पर्यटक स्थल के रूप में विकसित नही हो सका है। ग्रामीण जनता कई बार सरकार से बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा का केसपा गांव भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित कराने का अनुरोध किया है, ताकि बौद्ध धर्मगुरु खुद भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा एवं बौद्ध धर्म से जुड़े अन्य साक्ष्यों का अवलोकन कर सकें।



## बिहार विरोधी मोदी सरकार लगातार सातवें साल भी गणतंत्र दिवस की झांकी थीम को रिजेक्ट कर बिहारवासियों का अपमान किया- कांग्रेस

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार) 8 जनवरी 2023- गणतंत्र दिवस 26जनवरी 2023 को राजपथ( कर्तव्यपथ ) पर होने वाले परेड में लगातार सातवें साल भी बिहार की झांकी को रिजेक्ट करना केंद्र की मोदी सरकार का बिहार विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। उक्त आरोपअखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह,दामोदर गोस्वामी, लवि सिंह,मिथिलेश कुमार सिंह, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, सैयद असरफ इमाम, प्रद्युमन दुबे, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं ' उन्होंने आगे कहा कि इस बार देश के सबसे बड़े फल्गु नदी पर नवनिर्मित रबर डैम " गया जी बांध " थीम पर आधारित प्रस्तावित झांकी को खारिज कर बिहारवासियों का अपमान किया है।नेताओ ने आगे




कहा कि लगातार सातवें साल बिहार की झांकी रिजेक्ट करने से बिहार-वासियों में भयानक आक्रोश है , इस्के पहले 2017 में विक्रमशिला एक प्राचीन शैक्षणिक केंद्र, 2018 में छठ पर्व, 2019 में शराब बंदी, 2020 एवम 2021में जल, जीवन, हरियाली मिशन,2022 में गांधी जी के पदचिन्हों पर अग्रसर बिहार पर आधारित थीम को पहले भी रिजेक्ट कर चुकी है। नेताओ ने आगे कहा कि बिहार जिसे संपूर्ण विश्व लोकतंत्र की जननी, सभी आंदोलनों की भूमि,राजनीतिक, सामाजिक , शैक्षणिक रूप से देश की सबसे उर्वरा एवम गौरवशाली इतिहास रखने वाले राज्य की झांकी को गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित परेड में आखिर क्यों शामिल नहीं किया जा रहा है ? नेताओ ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, से गणतंत्र दिवस परेड में बिहार जैसे गौरवशाली राज्य की झांकी को शामिल कराने की मांग किया है।

## राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार ने मगधविश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति से किया शिष्टाचार मुलाकात

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया ( बिहार )- 8 जनवरी 2023- गया मगध प्रक्षेत्र के रामलखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार ने मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रोसेसर डॉक्टर के0 सी0 सिन्हा से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज की चल रहे शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राम लखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद के पास बड़ा भूखंड है, साथ ही आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी मौजूद है। उन्होंने असीम संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि इस भूभाग पर आधुनिक शैक्षणिक कोर्सेज चलाया जा सकता है। उन्होंने कुलपति से रामलखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद में विभिन्न कोर्सेज चलाने के असीम संभावनाओं पर ध्यान देने का आग्रह किया।इस संदर्भ में कुलपति ने कहा कि रामलखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद के सर्वांगीण शैक्षणिक विकास के लिए जो भी संभव होगा, उसे करने का प्रयास किया जाएगा । उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के समस्याओं का त्वरित निराकरण मेरी प्राथमिकता में है, शैक्षणिक सत्र को ठीक करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने प्रोफेसर डॉ संजय कुमार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये प्रयास की जमकर प्रशंसा भी किया। इस अवसर पर डॉ संजय कुमार ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए मगध विश्वविद्यालय के स्वर्णिम भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर प्रोफेसर कृष्णा चंद्र सिंहा भी मौजूद थे।

## जिला प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था का दावा खोखला साबित हो रही है। व्यवस्था के नाम पर जारी हैं लूट।

### सितलहर का कहर आज भी है जारी ,शाम होते ही बाजार और बस स्टैंड में छाया सन्नाटा ।अलाव बना सहारा!

**समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता /धनंजय कुमार विधि संवादाता।**

औरंगाबाद (बिहार ) 8 जनवरी 2023 :- सर्द हवा के बहने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। रविवार को धूप निकला लेकिन ठंड में राहत महसूस नहीं की गई

इन हालातों में अलाव ही सहारा बना हुआ है। हालांकि जिला प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था खोखला साबित हो रही है । नगर थाना से 10 कदम की दूरी पर दवा की कूट जलाते हुए देखा गया। लोगों ने बताया जिला प्रशासन के द्वारा यह दवा का डब्बा जो कागज का बना हुआ है इसी से अलाव की व्यवस्था हुई है। इसे जिला प्रशासन के द्वारा गंभीरता से लेना चाहिए और स्वत :संज्ञान लेते हुए भरपूर मात्रा में अलाव की व्यवस्था करें ताकि जनता रात महसूस कर सके और शीतलहर ठंड के इस मौसम में अपनी जान बचा सके।



सड़क पर फेके कुट व मिठाई के डब्बों को आग की हवाले कर आग तापते लोग।

## डीलरों ने तीस हजार रुपये मानदेय की उठायी मांग

**कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां ( नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक परिसर में रविवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष बाल्मीकि प्रसाद ने कहा कि जबतक जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की मांगें पूरी नहीं होती, उनका हड़ताल समाप्त नहीं होगा। डीलरों ने तीस हजार रुपये मानदेय, कमीशन की बजाय मानदेय देने, 32 माह के बकाए कमीशन का भुगतान करने, 62 वर्ष तक सेवा में रहने, जन वितरण प्रणाली विक्रेता की मृत्यु होने पर उनके परिवार के सदस्य को जन वितरण का विक्रेता बनाना सहित अन्य मांगें की गई। सभी विकेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रदेश संगठन के आह्वान पर आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता नवीन कुमार, आइटी सेल के राजीव रंजन, रवि रंजन, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद सिंह, सकलदेव पासवान, शशिकांत सिंह, भरत पासवान,




भूषण पासवान, उत्तम पासवान, मिथलेश कुमार, मोरध्वज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर में आये विभिन्न विभागों के 257 आवेदन, शिविर में लगाये गए कई स्टॉल, 420 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**कृति कुमारी, समाज जागरण सवांददाता**

पकरीबरावां ( नवादा)। पकरीबरावां प्रखंड की ढोढा ग्राम पंचायत के रेवार गांव में रविवार को विधिक साक्षरता सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गयी। शिविर में विधिक प्राधिकार नवादा के पैनल अधिवक्ता डॉ. संजय कुमार मिश्रा, सुशील कुमार, लोक अदालत कर्मी कुणाल कुमार, अनिल कुमार, पीएलवी चंद्रमौली शर्मा, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, दीपक कुमार ने सरकार द्वारा प्रायोजित विविध लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। लोगों को संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्यों का पालन एवं अन्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा,आवास योजना, आपदा विभाग, बिजली विभाग,स्वास्थ्य विभाग सहित



अन्य पारिवारिक लाभ योजना के बारे में जानकारियां उपलब्ध कराने के लिए कई सारे स्टाल लगाये गये। इस बीच विभिन्न विभागों के 257 मामले आए। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि सभी आवेदनों की जांच के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया।शिविर में मंच का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने किया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, बीपीआरओ गौरव कुमार, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखण्ड समन्वयक दिवाकर कुमार, पंचायत सचिव सरोज सिंह, बिजली विभाग के धर्मेंद्र कुमार, गौतम कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सम्मेद शिखरजी न सिर्फ जैनियों के तीर्थ हैं,बल्कि समस्त हिंदुओं के आस्था का केंद्र बिंदु भी है- डॉ सम्पूर्णानन्द।

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (बिहार)- 8 जनवरी 2023- आयुर्वेद सेवा के संस्थापक डॉ सम्पूर्णानन्द मिश्र ने कहा कि सम्मेद शिखरजी न सिर्फ जैनियों के तीर्थस्थल हैं, बल्कि समस्त हिन्दुओं के आस्था का केन्द्र बिन्दु भी हैं। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री व केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि जैनियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस पवित्र स्थल को धर्म स्थल ही रहने दिया जाए ,पर्यटन स्थल बनाकर इसे अय्याशी का अड्डा होने से बचाने की कृपा करें ।

डॉ मिश्र ने कहा कि यह गंभीर आस्था का मामला है इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पारसनाथ सम्मेद शिखर जी पर्वत सदियों से जैंन धर्मावलंबियों का पवित्र तीर्थ स्थल और आस्था का केन्द्र रहा है।



जैन समुदाय के लोग सम्मेद शिखरजी का दर्शन करके 27 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले मंदिरों में पूजा - अर्चना के बाद ही कुछ भोजन ग्रहण करते हैं। डॉ सम्पूर्णानन्द ने जैन समाज की समाजोत्थान एवं मानव कल्याण की रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि जैन समाज के द्वारा समाज निर्माण, आर्थिक विकास, शिक्षा, सेवा एवं जनकल्याण के अनेक विशिष्ट उपक्रम राष्ट्र-स्तर पर संचालित किये जा रहे हैं। राष्ट्र एवं समाज निर्माण में वह अपनी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। डॉ मिश्र ने कहा कि जैन समाज के इस लडाई में सनातन धर्मावलंबी भी पूरी तरह से साथ हैं। और सरकार के लिए गए फैसले वापस होने तक चैन से नहीं बैठेंगे।

## बाजार करने गए फाग गांव के तीन बच्चे लापता, थाने में दिया आवेदन।

**समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार संवाददाता गोह प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) गोह थाना क्षेत्र के अजान गांव से बाजार निकले तीन मासूम पिछले दो दिनों से लापता है। परिजनों में बच्चों के लापता होने के बाद अनहोनी की चिंता बढ़ गई है। लापता मासूमों में अजान गांव निवासी मुनीब साव का पुत्र राहुल कुमार (12), स्व० राजेंद्र ठाकुर का पुत्र नीरज कुमार (10) व कईल प्रजापति का पुत्र नीरज कुमार उम्र 8 वर्ष है। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन खबर



प्रेषण तक बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार तीनों बच्चे अपने घर से शनिवार को गोह बाजार के लिए निकले थें, इसके बाद देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसे लेकर राहुल कुमार के पिता मुनीब साव ने गोह थाने में आवेदन देकर अपने पुत्र व दो अन्य बच्चे की अनहोनी और अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए पुत्र बरामदगी तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। समाचार प्रेषण तक गायब हुए तीनों बच्चों के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल था।

## आध्यात्मिक शिव परिचर्चा का एक दिवसीय कार्यक्रम।

**दैनिक समाज जागरण,**

विजय कुमार सिंह ,संवाददाता कुटुंबा प्रखंड, औरंगाबाद ( बिहार ) 8 दिसंबर 2023 :- "आओ, चलें शिव की ओर " शिव गुरु आध्यात्मिक परिचर्चा का एक दिवसीय कार्यक्रम रविवार को अम्बा एरका सिंचाई कॉलोनी के मैदान में आयोजित की गई। जिसमें औरंगाबाद जिले के हजारों की संख्या में शिव शिष्य एवं शिष्याएं उपस्थित हुए। सभी वक्ताओं ने भगवान शिव के गुरु स्वरूप की चर्चा कर इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य श्री हरिंद्रानंद जी एवं दीदी मां राजमणि नीलम आनंद के संदेश को बताया। जो उन्हें भगवान शिव से प्राप्त हुआ था। भगवान शिव का आदेश मिला की हरिंद्रानंद तुम जो करते हो लोगों को भी करने के लिए कहो, तभी से चल पड़ी शिव गुरु की चर्चा। आज यह देखने को मिल रहा है कि साहब श्री के द्वारा दिए गए संदेश पर करोड़ों की संख्या में लोग शिव को अपना गुरु बनाकर अपने जीवन में अच्छी अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने तीन सूत्र बताए हैं। अपने गुरु शिव से मन ही मन दया की याचना करें कि हे शिव आप मेरे गुरु हैं, मैं आपका शिष्य हूं , मुझ पर दया कर दीजिए। अपने गुरु की चर्चा दूसरे लोगों के साथ कर बताना है कि शिव मेरे गुरु है जो आपके भी हो सकते हैं। अपने गुरु शिव को "नमः शिवाय"से प्रणाम निवेदित करने का प्रयास करना है। यह तीन सूत्र सभी के शिव गुरु से जुड़ने का महामंत्र है। इस आध्यात्मिक परिचर्चा को शारदा सिंह, नागेश बाबू, प्रवीण जी, संतोष सिंह, पिंटू सोनी , सरोज देवी, आशा देवी, गुड़िया देवी, प्रभा पांडेय, संजय सिंह, हरीश भाई , शिवपूजन जी ने संबोधित किया।

## कड़ाके की ठंड में गरीबों हिलते ओठ व कांपते बदन को देखते हुए समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने गरीबों के घर में जाकर कबंल से ढ़का उनके बदन।

### समाज सेवा करके मिल रहा है सुकून :- समाजसेवी शक्ति मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव / सचिन सिंह जिला संवाददात्ता औरंगाबाद**

औरंगाबाद (बिहार) 8 जनवरी 2023 :- औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के सिलाड कला गांव के रविदास टोली मे कड़ाके की ठंढ को लेकर गरीबी में जीवन बसर कर रहे परिवारों को मदद कर आज समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। शक्ति मिश्रा फाउंडेशन, गणेश मंदिर कुरका के द्वारा समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने आज कड़ाके की ठंढ में गरीबों, असहाय के बीच कंबल वितरण किया है।

समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि गरीब तबके के जो लोग है जो ठंढ में सिकुड़ रहे है ऐसे परिवार को हमारे द्वारा कंबल वितरण किया गया है ।एक प्रयास है हमारा समाज की सेवा करने के लिए ,समाज से प्राप्त कर समाज को ही देना है ।इंसान



जीवन में धन दौलत तो बहुत कमाता है जो उसके साथ नही जाता ऐसे में समाज से लेकर समाज को ही देना मुख्य उद्देश्य है। बता दें कि शक्ति मिश्रा ने कई सालों से ऐसे ऐसे नेक कार्य एवं निस्सहाय गरीब परिवार के बीच पहुंचकर उसको साथ मिलकर सहयोग कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है लोगों का सेवा करना।

## विधिक जागरूकता शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**


वारिसलीगंज( नवादा)। आदर्श ग्रीन ग्राम पंचायत दोसुत के किसान भवन दोसुत में विधिक साक्षरता सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधिक प्राधिकार नवादा के पैनल अधिवक्ता डॉ. संजय कुमार मिश्रा, लोक अदालत कर्मी सुशील कुमार, कुणाल कुमार, अनित कुमार, पीएलवी चन्द्रमौली शर्मा, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, दीपक कुमार ने सरकार द्वारा प्रायोजित विविध लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। लोगों को संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्यों का पालन एवं अन्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। पैनल एडवोकेट ने गरीबी उन्मूलन, तेजाब हमला के पीड़ितों, मनरेगा, बालश्रम, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों, महिलाओं, दिव्यांगजनों, अनुसूचित जाति, जनजाति के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आपदा, मानव तस्करी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास आदि पर भी विस्तार के साथ बताया गया। शिविर में मंच का संचालन कृषि समन्वयक मदन मोहन प्रसाद ने किया। समाजसेवी अजय कुमार रविकांत ने जागरूकता शिविर में लोगों की भागीदारी के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस बीच अधिकारियों को पौधा लगा गमला, अंगवस्त्र, श्रीमद्भागवत गीता एवं तौलिया देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीओ प्रेम कुमार, बीएओ पवन कुमार, पंचायत सचिव अशोक कुमार, मुखिया सुलेखा देवी, सरपंच फूल कुमारी दास, संजीव कुमार, सूरज उर्फ सुग्गू सिंह, चंदन, करण सहित अन्य उपस्थित थे।



## लघुता में भी पूर्णता का बोध कराती है एकांकी: कवि मिथिलेश

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-देश देशांतर मगहिया दालान के 96 वां ऑनलाइन एकांकी कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए सारथी पत्रिका के संपादक मगध जी मिथिलेश ने कहा कि एकांकी लघुता में पूर्णता का बोध करवाती है। इसकी तुलना कहानी से की जाती है। कहानी जहां एक छोटी घटना का विस्तार है।वही एकांकी एक अंश का मुकम्मल चित्रण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जमुई के डॉक्टर मिथिलेश ने कहा कि नाटक एक रंगकर्म है। इसमें अभिनय की महत्ता है। एकांकी रंगमंच पर अभिनीत की जाती है। नुक्कड़ नाटक एकांकी का ही आधुनिक स्वरूप है। मंच संचालन कृष्ण कुमार भट्ठा ने किया।कार्यक्रम के संयोजक प्रेमी अनीलनन्द थे।एकांकी पाठ का आरंभ डॉ दिलीप कुमार ने बादा शीर्षक एकांकी से किया।समीक्षा करते हुए गुरुग्राम के डॉक्टर सरोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि एकांकी सामाजिक यथार्थ के धरातल पर सांप्रदायिकता की समस्या का विवेक पूर्ण समाधान है। गौतम कुमार सरगम ने पाठा का मांस शीर्षक कहानी सुनाई, जिसकी समीक्षा उमाशंकर सिंह सुमन की। समीक्षक ने कहा कि एकांकी संवेदना संवेदना को झकझोरने में सफल रही।



# एक रिवाल्वर दो जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त

**दैनिक समाज जागरण**

कुचायकोट (गोपालगंज)। कुचायकोट पुलिस ने थाना क्षेत्र के जलालपुर बाजार के पास वाहन जांच के क्रम में एक बाइक सवार दो युवकों को एक रिवाल्वर तथा दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से उनके अपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुचायकोट पुलिस की एक टीम थाना क्षेत्र के जलालपुर बाजार के पास शराब तस्करों के टोह में थी। इस दौरान एक अपाची बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो एक युवक के पास से एक रिवाल्वर और दो जिंदा गोली बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवकों में कुचायकोट थाना क्षेत्र के मठिया हरदो गांव निवासी रिशु कुमार सिंह और इसी गांव के अमित कुमार पटेल बताए जाते हैं। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपितों से पूछताछ के साथ इनके अपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी है। थानाध्यक्ष किरण शंकर ने बताया कि वाहन जांच के क्रम में अपाची बाइक सवार दो युवकों को रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार किया गया है ।पुलिस इनके बारे में छानबीन कर रही है।

# सीआरपीएफ जवान के बंद घर से लाखों की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र गंडामन सेरूकहा गांव में सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर के बंद घर ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने जेवर, कपड़ा व अन्य कीमती वस्तु एवं नकदी सहित लगभग दो लाख से अधिक की संपति चोरी कर ली। कश्मीर के पोलमावा में पोस्टेड सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर विक्रमा महतो के शिक्षक भाई जय किशोर महतो ने घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची मशरक पुलिस ने चोरी गए सामान की जांच पड़ताल किया। फिर पूरे परिवार के साथ लखनऊ में रह रहे उक्त जवान के पुत्र के आने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस पड़ताल में जुटी है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि घर के आलमीरा में रखे सोना, चांदी के सभी गहना, कीमती साड़ी, कंबल सहित अन्य कपड़ा, नकदी, दो बड़े वीआईपी बक्शा सहित सभी सामान चोर निकाल कर चंपत हो गए।

## चनावे मंडल कारा में जिला प्रशासन ने की छापेमारी

**दैनिक समाज जागरण**

गोपालगंज। थावे थाना क्षेत्र के चनावे मंडल कारा में जिला प्रशासन ने की छापेमारी कैदियों में मचा हड़कप । बता दें की शनिवार की देर रात सदर एसडीओ प्रदीप कुमार एव सदर एसडीपीओ संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में मंडल कारा में दो घंटे तक छापेमारी चली।रात के जेल में छापेमारी से बंदियों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। सदर एसडीओ ने बताया की रात के नौ बजकर पांच मिनट से लेकर ग्यारह बजकर 15 मिनट तक लगभग दो घंटे तक चली छापेमारी में जेल के गांधी वार्ड,अस्पताल, महिला वार्ड,सहित सभी वार्ड एव खंडों की संघन तलाशी ली गई।जिसमे किसी भी तरह का आपत्ति जनक समान बरामद नही हुआ। जेल में छापेमारी के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी सह प्रभारी जेल अधीक्षक मनोज कुमार रजत,नगर इंस्पेक्टर ललन कुमार सिंह,थावे थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,मीरगंज थानाध्यक्ष छोटन कुमार,उचकागांव थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह,मांझा थानाध्यक्ष विशाल आनंद व यादोपुर थानाध्यक्ष बिक्रम कुमार सहित जिले के पुलिस जवान शामिल रहे।

# शहीद एनएसजी कमांडो दीपक की अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब

**दैनिक समाज जागरण**

गोपालगंज। लद्दाख के लेह में शहीद हुए एनएसजी कमांडो दीपक कुमार



का पार्थिव शरीर चौथे दिन शनिवार को तिरंगे में लपेटकर गोपालगंज लाया गया. बरौली थाने के भड़कुंइया गांव में शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जुटी. वहीं, इलाके के व्यवसायियों ने शहादत के सम्मान में अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं. पूरे बाजार के रास्ते में जय हिंद, वंदे मातरम्, भारत माता की जय, वीर सपूत दीपक सिंह अमर रहे, के नारे लगाये जा रहे थे वहीं, अंतिम विदाई सैन्य सम्मान के साथ देने के लिए दानापुर पटना से सेना की टुकड़ी पहुंची हुई थी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शोभायात्रा का मारवाड़ी सम्मेलन ने किया स्वागत

**ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 64वें प्रादेशिक अधिवेशन के आयोजन पर निकली शोभा यात्रा का बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन छपरा शाखा द्वारा भव्य स्वागत किया किया। शोभा यात्रा का स्वागत



करते हुए बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन छपरा शाखा के संगठन मंत्री सह मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा अतिथियों का स्वागत करना सनातन धर्म में संस्कार माना गया है। हमारे छपरा में पूरे बिहार से तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों से अतिथि आएँ है तो उनका स्वागत करना हमारा संस्कार है। छपरा शाखा द्वारा शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई तथा बिस्कुट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष हरि कृष्ण चाँदगोठिया, संगठन मंत्री सह मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी अग्रवाल, प्रमंडलीय मंत्री प्रहलाद कुमार सोनी, भगवती प्रसाद जगाती, मारवाड़ी युवा मंच छपरा शाखा अध्यक्ष विकास चाँदगोठिया, गोपाल अग्रवाल, संदीप मिश्रा, गोविन्द लाठ, किशन बजाज, पंकज चाँदगोठिया आदि ने सराहनीय सहयोग किया।

# उत्पाद विभाग की टीम ने झाड़ी में रखे 134 पेटी शराब किया बरामद

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। दो सूबे को जोड़ने वाली मांझी के जयप्रभा सेतु पर तैनात उत्पाद विभाग की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आठ किमी दूर रिविलगज थाना क्षेत्र के सिताबदियारा से 134 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है। उत्पाद विभाग के पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिताबदियारा के समीप सरयू नदी के दियारा में झाड़ी में तस्करों ने बड़े पैमाने पर अंग्रेजी शराब छुपाकर रखी है तथा उसे नाव के सहारे नदी पार कर छपरा शहर में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस द्वारा रविवार को अहले सुबह छापेमारी कर 134 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त कर लिया गया। उत्पाद विभाग की सक्रियता से तस्करों व शराबियों में हड़कम्प व्याप्त है।

# नव प्रस्तावित रोटरी क्लब के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। मानव और पशु में केवल सेवा ही अन्तर पैदा करता है। ईश्वर ने हमें संसार में एक दूसरे की मदद के लिए अपने प्रतिनिधि को रूप में भेजा है।

उक्त बातें रोटरी के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ राकेश प्रसाद ने करीमचक अवस्थित मकबूल आलम कंपाउंड में आयोजित नव प्रस्तावित रोटरी क्लब के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि समाज व मानव सेवा सभी लोग स्थानीय तथा व्यक्तिगत स्तर पर करते हैं। मगर रोटरी से जुड़ कर आपकी पहुंच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो जाती है। उन्होंने कहा कि रोटरी में सभी लोग नहीं जुड़ सकते बल्कि चुनिंदा और परिष्कृत लोगों को ही उसका सदस्य बनाया जाता है। प्रारम्भ में असिस्टेंट गवर्नर डॉ शहजाद आलम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी का परिचय प्रस्तुत किया और बैठक के औचित्य पर प्रकाश डाला। पास्ट प्रेसिडेंट आईडब्ल्यूसी डॉ दीप्ति सहाय ने रोटरी ज्वाइन करने के लाभ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की सेवा से खुद के लिए



सहानुभूति तो मिलती ही है। आत्म संतोष की भी अनुभूति होती है. रोटरी के प्लेटफार्म से आपका फलक व्यापक होकर विश्व स्तर का हो सकता है। इसके सदस्य दुनिया के किसी भी कोने में मदद कर और पा सकते हैं। पास्ट प्रेसिडेंट वीणा शरण ने रोटरी के फोर स्टेप टेस्ट का जिक्र करते हुए कहा कि यह धर्म, जाति और राजनीति से ऊपर संगठन है। उन्होंने बताया कि दुनिया में 32 हजार रोटरी क्लब हैं। जिनके 13 लाख सदस्य एक वैश्विक समाज बनाते हैं। उन्होंने संगठन के संरचना पर प्रकाश डाला। बताया कि प्रत्येक वर्ष नए थीम पर कार्य किया जाता है। हमारा स्लोगन स्वयं से ऊपर सेवा है। रोटरी सदस्य आफताब आलम खान ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी लोगों से रोटरी से जुड़ कर बेहतर समाज बनाने की अपील की। बैठक में शाहिद अख्तर, तारिक आजम इंजीनियर इम्तियाज आलम, इश्तेयाक अहमद, तारिक अनवर, मुन्ना मिस्त्री, कलीम अहमद, मो मिन्हाज, सैयद मेराज हुसैन, मनव्वर हुसैन अंसारी, मो समीउज्जमां, अमीरुल हुसैन, जलालुद्दीन अंसारी और शकीलुज्जमां आदि उपस्थित थे।

# सीवान शहर की फिल्म अभिनेत्री पल्लवी गिरी का "आगरा के पेठा" का बिहार में चल गया जादू

**दैनिक समाज जागरण**

सीवान/छपरा (सारण)। भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्रीज की म्यूजिक सेंसेशन गायिका शिल्पी राज का नया गाना "आगरा के पेठा" राजधानी पटना में एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रिलीज किया गया। आगे आपकों बता दें कि इस गाने में "आगरा के पेठा" विडियो में नजर आ रही है सीवान जिला कि सिसवन ढाला निवासी फिल्म अभिनेत्री पल्लवी गिरी, जिन्होंने बेहद ही कम समय में अपनी एक अच्छी पहचान कायम कर एक बड़ी मुकाम हासिल कर चुकी है फिल्म इंडस्ट्री में। वहीं इस दौरान अभिनेता मुकेश ओझा,




वीडियो डायरेक्टर केडी और कंपनी के ओनर राजीव झा इत्यादि सभी वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।आगे आपकों मालूम हो कि इस इस गाने" आगरा के पेठा" विडियो में एक भोजपुरी मिठास है जो सभी भोजपुरी ऑडियंस लोगों को खूब बेहद ही पसंद आने वाली है।इस मौके पर सीवान जिला कि फिल्म अभिनेत्री पल्लवी गिरी ने बताया कि भोजपुरी के तमाम दर्शकों से मैं बार बार लगातार आग्रह निवेदन करूंगी की आप सभी मेरे "आगरा के पेठा" इस विडियो गाने को खूब ढ़ेर सारा प्यार और आशीर्वाद जरूर दिजिएगा।

# परिवहन ने वसूला 68700 रुपए का जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण**

कुचायकोट (गोपालगंज)। थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट के पास शनिवार को परिवहन विभाग द्वारा जागरूकता वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से (68700) अड़सठ हजार सात सौ रुपए का जुमार्ना वसूला गया ।विदित हो कि परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों में आवश्यक नियम पालन में विशेष कर प्रदुषण ,हेलमेट ,सीट बेल्ट , इंश्योरेंस के लिए जागरूकता के उद्देश्य से शनिवार को मोबाइल पदाधिकारी बसंत कुमार के नेतृत्व में बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस जांच अभियान में कार, बाइक ,छोटे वाहनों से लेकर बड़े वाहनों तक की जांच पड़ताल की गई ।इस जांच अभियान के दौरान वाहन संचालन



में नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों से तय नियमों के अनुसार जुमार्ने की राशि वसूल की गई। इस अभियान में मोबाइल पदाधिकारी बसंत कुमार के द्वारा 10 गाड़ियों से (68700) अड़सठ हजार सात सौ रुपए का जुमार्ना वसूला गया। मोबाइल पदाधिकारी ने बताया की वाहनों की यह जांच अभियान प्रत्येक शनिवार को चलाया जाता है। साथ ही जिन लोगों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनसे जुमार्ने की राशि भी वसूल की जा रही है।और यह जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भारतीय दूतावास- यूएई में ह्यस्वच्छता पखवाड़ा एवं विश्व हिंदी दिवस पर आबूधाबी काव्य मंच' के द्वारा काव्यांजलि का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा। यूएई की राजधानी आबूधाबी में भारतीय दूतावास- यूएई के तत्वावधान में ह्यस्वच्छता पखवाड़ा एवं विश्व हिंदी दिवसह्ण के उपलक्ष्य में आबूधाबी काव्यमंच के द्वारा काव्यांजलि संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें यूएई के कवियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी कविताओं के माध्यम से समाँ बाँध दिया। ललिता मिश्रा अध्यक्षा, आबूधाबी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच का संचालन निशा झा जी और डॉ. अलका मेल्होत्रा द्वारा किया गया । माननीय ध्रुव मिश्रा जी ,आयुषि सुतारिया जी ,राजीव रंजन जी ने दीप प्रज्ज्वलन किया। कमला प्रकाश जॉली, पद्मावती कंवर एवं ललिता मिश्रा द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किया। डॉ सीमा उपाध्ये ने माँ शारदे को नमन करते वंदना की । कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाएँ पढ़ी डॉ मंजु सिंह जी की ह्यराजदुलारी हिंदीह्ण , तुषार पियरे जी की ह्यपर-देशह्ण, अवधेश राणा जी की ह्यचौधरी जी के कोरोना के गिले शि-कवेह्ण ,अनु बाफना जी की ह्यये नैनाह्ण ,ललिता मिश्रा जी की ह्यहिंदी राष्ट्रभाषा क्यूँ कहलाए?ह्ण, डॉ आरती ह्यलोकेशह्ण जी की



ह्यस्वच्छता की लहरह्ण, डॉ नितिन उपाध्ये जी की ह्यएक कवयित्री की डायरी सेह्ण, अंकुर रांका जी की ह्यख्वाहिशह्ण, जय कृष्ण मिश्रा जी की ह्यपिया ...ओ पियाह्ण, करुणा राठौर जी की ह्यकैसे बाँधूँ तुमको लफ़्जों मेंह्ण, स्नेहा देव जी की ह्यमैं शून्य हूँह्ण, शत्रुजीत सिंह जी की ह्यकौन है वोह्ण, शब्बीर हुसैन मुनव्वर जी की ह्यगजलह्ण, एवं पलैस्टियन की नागरिक और कार्यक्रम की अतिथि अमल हबने जी की ह्यपाने की प्यासह्ण कविताओं से काव्याजंलि की संध्या मुखरित हो गई। मंच के संरक्षक अचल मिश्रा एवं अवधेश राणा जी के सहयोग से कार्यक्रम समय पर समाप्त हो सका। बिहार समाज अबूधाबी के प्रवीन कुमार ने मीडिया और तकनीकी कार्यो का निर्वहन किया कार्यक्रम में बिहार समाज अबूधाबी के सदस्यों ने भरपूर जोश के साथ कार्यक्रम काव्यसंध्या का आनंद उठाया। मनोज कुमार ,गौरव मित्तल ,कुमार अभिषेक आदि ने कवियों के द्वारा पूछे गएँ संवादात्मक सवालो को कविता पूरा कर के समां बाँधा। ये जानकी बिहार समाज अबुधाबी के कुमार दिवाकर प्रसाद ने दिया।

# बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव के 63 वें जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

## मशरक एवं बड़ा लौवा में खिलाड़ियों के साथ काटा केक

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। हैंडबॉल फे-डरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष सह बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा का 63 वा जन्मदिन सारण के खेल मैदान में खिलाड़ियों ने समारोहपूर्वक मनाया। बनियापुर के बड़ा लौवा संत जलेश्वर एकेडमी में बिहार जूनियर बालिका प्रशिक्षण शिविर के समापन पर पहुंचे ब्रजकिशोर शर्मा का जन्मदिन बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन सह सारण हैंडबॉल के प्रधान संरक्षक विधान पार्षद इंजिनियर सच्चिदानंद राय ने केक कटवाकर मनवाया।इधर मशरक के हैंडबॉल खेल मैदान में खिलाड़ियों ने महासचिव श्री शर्मा का जन्मदिन केक कटवाकर मनाया। मौके पर बिहार हैंडबॉल के संयुक्त सचिव सह सारण जिला हैंडबॉल सचिव संजय कुमार सिंह , सारण हैंडबॉल अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , संत जलेश्वर एकेडमी की प्राचार्या अनुपमा मिश्रा,राजकिशोर राय , जुगुल किशोर राय,जीतेश तिवारी,रामबीरेश राय,मुन्ना जी, राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह ,अभिषेक कुमार सिंह , निधि सिंह,नीरज कुमार सहित अन्य थे।

# तिलक समारोह से बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन गांव निवासी की बाइक तिलक समारोह फुटानीगंज रोड फर-दहिया गांव में चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में थाना पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी दर्ज प्राथमिकी में डुमरसन गांव निवासी श्री राम पंडित पिता गौतम पंडित ने बताया कि वह अपनी बाइक तिलक समा-रोह में फुटानीगंज रोड फरदहिया गांव में महथ राय के यहा गये थें। वहीं पर बाइक खड़ा कर तिलक समारोह में भोज खाने गये और जब वापस आए तो देखा कि बाइक अपनी जगह पर नही है। काफी खोजबीन की पर कोई पता नहीं चल पाया। मामले में थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# क्रीड़ा भारती की जिला इकाई गठित, अमरेंद्र बने अध्यक्ष व पंकज कुमार मंत्री बने

**ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। क्रीड़ा भारती की सारण जिला इकाई के गठन के लिए एक बैठक आयोजित की गई। रवि-वार को अयोजित बैठक में सारण जिला की नवगठित इकाई की सर्वसम्मति से घोषणा की हुई। जिसमें अमरेंद्र सिंह को नवगठित जिला इकाई का अध्यक्ष बनाया गया। वही मंत्री पंकज कुमार कश्यप एवं कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार बनाए गए। पुनर्गठित नव इकाई के जिला इकाईमें सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के लिए प्रमुख सूरज कुमार, कीड़ा केंद्र प्रमुख कुमार कौशलेंद्र एवं प्रचार प्रमुख के लिए मनोकामना सिंह के नाम पर आम सहमति जताई है। मातृशक्ति प्रमुख के लिए श्रीमती आरती कुमारी का मनोनयन किया गया। वही अनुमंडल स्तर पर भी नवगठित इकाई की विस्तार की घोषणा की गई। जिसमें छपरा सदर अनुमंडल से संयोजक सुशील कुमार, सहसंयोजक निकुंज कुमार, मढ़ौरा अनुमंडल के




संयोजक संजीव कुमार, सहसंयोजक प्रभाकर सिंह, सोनपुर अनुमंडल के संयोजक वैभव कुमार एवं सहसंयोजक दीपक कुमार एवं गौरी शंकर कुमार को बनाया गया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ सुरेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संघ के विभाग संचालक विजय कुमार सिंह, उत्तर बिहार प्रांत के सह मंत्री नवीन सिंह परमार की सहमति से जो अन्य प्रस्ताव पर मुहर लगी, उसमें प्रत्येक अनुमंडल से न्यूनतम 30 सदस्य को जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल संचालन हेतु कार्यक्रम के कार्यक्रम प्रमुख भी नामित किए जाएंगे। इस बैठक में ओम प्रकाश गुप्ता, विनय पंडित, रवि सोनी , रामबाबू पांडे, बृजेश देशमुख, सुरेश प्रसाद सिंह अनिल कुमार आजाद समेत दर्जनों लोग शमिल रहे।

# 14 बोतल शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

गोपालगंज। कटेया थाने की पुलिस ने सोहनरिया बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप वाहन जांच के दौरान 14 बोतल देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

बताया जाता है कि पुलिस पदाधिकारी अरविंद प्रसाद यादव पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के क्रम में थाना क्षेत्र के सोहनरिया बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप यूपी की तरफ से आने वाले वाहनों एवं लोगों की जांच कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति हाथ में झोला लिए पैदल आता दिखाई दिया।जिसे बल के सहयोग से घेरा में लेकर झोले की तलाशी ली गई तो दो सौ एमएल के 14 बोतल कुल मात्रा 2.8 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद शराब जप्त करने के साथ ही घेरा में लिए गए व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाने लाई और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। गिरफ्तार व्यक्ति थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर निवासी अमोद पटेल बताया जाता है।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर के हत्या के मामले में प्रशासन सक्रिय

**दैनिक समाज जागरण**

भोरे (गोपालगंज)। भोरे में हुए राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या के मामले में मोर के पांचों शवों का पोस्टमार्टम भोरे के प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय में कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद सभी के शवों को तिरंगे में लपेट कर जमीन में दफना दिया गया। जबकि दूसरे दिन भी स्याही नदी के जंगलों में शवों की तलाशी ली गई। लेकिन कोई शव बरामद नहीं हुआ। हालांकि अभी भी वहां मोर की मौजूदगी की जानकारी मिली है। घटना के दूसरे दिन वन विभाग के कार्यालय में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

बता दें कि शुक्रवार की सुबह इमिलिया गांव का एक युवक स्याही नदी की तरफ शौच के लिए गया था। जहां उसे एक मोर का शव दिखा। जिसकी जानकारी उसने ग्रामीणों को दी. कड़ाके की ठंड के बाद भी लोगों का हुजूम स्याही नदी में जा कर अन्य मोरों को खोजने लगा. तीन घंटे के अंदर ही एक एक कर कुल पांच मोर के शव बरामद किये गये. पूरे मामले की जानकारी भोरे पुलिस और वन विभाग को दी गई. बाद में गोपालगंज के डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी को भी जानकारी दी गई। डीएम के



आदेश के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग और भोरे पुलिस ने पांचों शवों को कब्जे में ले लिया। शनिवार की सुबह उसे पोस्टमार्टम के लिए भोरे के प्रथम वर्गीय पशु अस्पताल में ले जाया गया। जहां रेंजर राजकुमार प्रसाद की मौजूदगी में डॉ. नवनीत कुमार पांडेय सभी मोर के शवों का पोस्टमार्टम किया। तीन मोर के शवों पर चोट के निशान मिले हैं। डॉ. नवनीत कुमार पांडेय ने बताया कि उनके पेट में फूड को निकाल कर वन विभाग को दिया गया है। जिसकी जांच विभाग द्वारा लैब में कराई जायेगी। जिससे ये स्पष्ट हो पायेगा कि मोर की मौत कैसे हुई है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद सभी शवों को तिरंगे में लपेट कर वन विभाग के अहाते में दफन कर दिया गया। वहीं रेंजर राजकुमार प्रसाद ने बताया कि सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। मोर के संरक्षण को लेकर कदम उठाये जा रहे हैं। कानूनी प्रक्रिया को लेकर उच्च अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है।

# छपरा में जगदेव बाबू की जयंती मनाने को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक साज जागरण**

छपरा/सारण (अर्जुन सिंह)। इस-ुआपुर प्रखंड स्थित सुशीला होमियों केयर क्लिनिक के सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के महा योद्धा व क्रांतिकारी सभी समाज को लेकर चलने वाले बीर सपूत जगदेव बाबू की जयंती मनाने को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ एच के रंजन नें किया। जिसमें निम्न बिन्दुओ पर चर्चा किया गया। जगदेव बाबू की जयंती बृहद पैमाने पर मनाने को लेकर सभी लोगो नें अपने अपने बिचार को रखा और सभी के बातो को ध्यान पूर्वक सुन.सभी लोगो नें जगदेव बाबू की जयंती सामारोह पूर्वक भव्य तरीके से मनाने के लिए सभी लोगों ने सहयोग राशि देने का संकल्प लिया व जयंती सामारोह में चलने की जोर सोर से तैयारी को लेकर अधिक से अधिक संख्या मे सभी प्रखंडो से चलने का आह्वान किया गया।

छपरा में जगदेव बाबू की जयंती मनाने की तारिक 24 फरवरी को निश्चित हुआ हैं ।जिसमें सारण जिला के 20 प्रखंड के नामी गिनामी व चर्चित सामाजसेवी सहित अन्य लोगो नें बैठक मे शामिल हो छपरा चलने का आह्वान किया। जिसमे मुख्य



अतिथि के रूप मे सिरकत करने के लिए नाम प्रस्तावित घोषणा नहीं किया गया। विचार-विमर्श कर उपचारिक घोषणा किया जाएगा। मौके पर बैठक मे मुख्य रूप से पानापुर जिला पार्षद रत्नेश भास्कर, डॉ एच के रंजन, अर्जुन युराज, सामाजसेवी गुड्डू सिंह कुशवाहा, शिक्षक नेता सह प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, अशोक कुश-ावाहा, डॉ बीरेंद्र सिंह कुशवाहा, इसुआपुर पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र सिंह. इसुआपुर सरपंच राजेश कुशवाहा, रोहित सिंह कुशवाहा , मुखिया कमलेश कुमार,अशोक सिंह ,डॉ ददन सिंह ,डॉ बीरेंदर सिंह कुश-ावाहा,आशुतोष कुमार, विजय कुशवाहा, रौनक सिंह, विजय प्रसाद, अजित कुमार प्रभाकर, चंद्रकेत कुश-ावाहा, हरिबलम कुश-ावाहा,डॉ अभिशेख राहुल, पूर्व मुखिया राम अयोध्या सिंह कुशवाहा,अभिषेक कुमार, बिक्रमा प्रसाद सिंह,ओमप्र-काश कुशवाहा, अर्जुन युराज, औधेश सिंह पूर्व सरपंच,धर्मेंद्र सिंह बीडीसी, बीरबल प्रसाद कुशवाहा,सुभाष कुमार, डॉ नित्यानंद कुशवाहा,डॉ अभिषेक कुमार, प्रद्युमन सिंह, प्रमोद सिंह, सहित सैकड़ो गन्यमान्य लोग बैठक मे शामिल रहे।

## कोरोना वैक्सीन के नाम पर पूछा ओटीपी, पीड़ित के बैंक खाते से 38 हजार उड़ाए

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के पचखंडा गांव निवासी आलोक कुमार पिता स्व उमा राय से कोरोना वैक्सीन के मोबाईल पर ओटीपी से जालसाजी करने का मामला सामने आया है उनके द्वारा थाना पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर कहा है कि उनका खाता एयरटेल पेमेंट बैंक में है। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई, जिसने स्वयं को कोरोना वैक्सीन का अधिकारी बताया और बातों में फंसा कर ओटीपी पूछ लिया । जिसके बाद उनके खाते से 38 हजार दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने लिखित शिकायत पत्र मश-रक थाना पुलिस को सौंप कर का-र्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने यह भी जानकारी दी है कि जिस मोबाइल नम्बर से हेराफेरी की गई है उनकी जानकारी उसके द्वारा दी गई है। मामले में थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# शिविर में 100 मरीजों के हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। प्रखंड के सलेमपुर में आयोजित मेडिकल कैम्प में क-ड़ाके की ठंड के बीच एक सौ से अधिक मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। रामकृष्ण मिशन आश्रम शाखा सलेमपुर के परिसर में आयोजित मासिक मेडिकल कैम्प में छपरा के प्रसिद्ध ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन, डॉ बिनोद सिंह तथा डॉ अमित तिवारी के अलावा महिला चिकित्सक डॉ अनिमा सिंह तथा डॉ



एकता कुमारी ने मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की तथा मरीजों के बीच मुफ्त दवा आदि वितरित किया। शिविर में छपरा रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी अतिदेवानन्द जी महा-राज, लालबाबू सिंह ।ि-शक्षक। तथा पूर्व जिप सदस्य धर्मेन्द्र सिंह समाज आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पत्रकारों की मांगों को सीएम तक पहुंचाएंगे: सुधांशु रंजन

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। बिहार विधान परिषद सारण निकाय के पूर्व प्रत्याशी तथा राजद के वरीय नेता सुधांशु रंजन रविवार की शाम मांझी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्र-ाकारों की एक विशेष बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के पत्रकारों की मांग को वह मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। पत्रकारों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि लोक तंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया को उसके मान-सम्मान दिलाने के लिए वह हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। इस अवसर पर एबीपीएस के बिहार प्रदेश संयोजक पत्रकार मनोज कुमार सिंह, संजीव शर्मा, वीरेश सिंह आदि के अलावा राजद कार्यकताओं व अन्य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों से बाल श्रम और घरेलू कार्य न करवाए और अपने बच्चों की प्रतिदिन स्कूल भेजे, सुशीला देवी आगनबाड़ी।

ओंकार नाथ चौधरी
जनपद बहराइच श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम के दूसरे दिन ब्लॉक चित्तौरा के ग्राम पंचायत डीहा में किया गया। ग्राम पंचायत डीहा में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य, आंगनबाड़ी, आशा बहु, किशोरी सखी और पंचायत सहायिका द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य महेश वर्मा, विष्णु, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया। वकारून्निस किशोरी सखी एक्शन ऐड ने ग्राम वासियों से बाल विवाह न कराने और ग्राम किशोरी को



आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।
आंगनबाड़ी सुशीला देवी ने ग्राम वासियों के अपील कि अपने बच्चों से बाल श्रम न करवाए और अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे। शिक्षा बच्चों के लिए आने वाले भविष्य में बहुत ही जरूरी है बिना शिक्षा के जीवन कठिन हो जायेगा।
पंचायत सहायिका आरती देवी ने ग्राम वासियों को बताया कि जल्द ही सभी सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन ग्राम पंचायत भवन से किया जाना शुरू हो जाएगा। प्रधान की सहायता से अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखेंगे। ग्राम प्रधान मुनीजर प्रसाद ने अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम में संस्कार संस्था द्वारा बच्चों ने पूछे गए सवाल के विजेता 4 बच्चों मुन्नी, जालिम, मेहताब व मुजाफुद्दीन को ग्राम प्रधान द्वारा मेडल दिया गया। कार्यक्रम में आशा बहु कामिनी वर्मा ने पूर्ण सहयोग दिया

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह को लेकर बैठक का किया गया आयोजन।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिणाम मूलक की जाय कार्यवाही...जिलाधिकारी।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी
अमेठी
अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासन के निर्देशानुसार 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा माह में विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विभागों द्वारा उक्त एक माह में किये जाने वाले कार्यक्रमों का निर्धारण मुख्यालय द्वारा किया गया है, जिसमें निर्धारित कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि उक्त सड़क



सुरक्षा माह मा0 मुख्यमंत्री जी की उच्च प्राथमिकता पर है एवं सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि में कमी लाने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों को समन्वय बनाते हुए कार्यवाही की आवश्यकता है और समस्त कार्यवाही व कार्यक्रम परिणाम मूलक होने चाहिए तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार भी विभिन्न माध्यमों से किया जाय जो उक्त अभियान का महत्वपूर्ण आयाम है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक उदय प्रकाश मिश्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# रविंद्र कुमार चतुर्वेदी को प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र नियुक्त किया गया

ओंकार नाथ चौधरी
श्रावस्ती सहायक रिटर्निंग आफिसर/जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमानुसार 30 जनवरी, 2023 (सोमवार) को उत्तर प्रदेश विधान परिषद, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन-2023 का मतदान सम्पन्न होगा। उक्त स्नातक निर्वाचन-2023 में डाक मतपत्र हेतु डी०सी० मनरेगा, श्रावस्ती रवीन्द्र कुमार चतुर्वेदी को प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र नियुक्त किया गया है। उन्होंने नियुक्त अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने से संबंधित कार्यों को तत्काल ससमय प्रारम्भ करना सुनिश्चित करेंगे

# केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो
बालाघाट।(09जनवरी)केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा के अल्प प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेकर सहकारिता के क्षेत्र में विकास के संबंध में चर्चा की गई।



बैठक में पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, सयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर पी के सिद्धार्थ, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ आर. सी. पटले, उपायुक्त सहकारी समितियां श्रीमती अंजुलि धुर्वे, पी जोशी एवं सहकारिता से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।
केंद्रीय राज्य मंत्री ने बैठक में बताया कि केंद्र सरकार सहकारिता के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है और सहकारिता के क्षेत्र को एक दिशा देने के लिए निरंतर काम कर रही है । सहकारिता का क्षेत्र सीधे किसानों से जुड़ा हुआ है और कृषि के विकास में इसका अहम योगदान है । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा सहकारिता के क्षेत्र को लेकर सतत बैठक की जा रही है और इसके विकास के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।
बैठक में बताया गया कि बालाघाट जिले में सहकारिता के चित्र में मत्स्य पालन को लेकर काम किया जा रहा है और इसके लिए बड़ी कार योजना तैयार की गई है ओडिशा बालाघाट ब्रांड का नाम दिया गया है जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत मत्स्याखेट के दौरान मछुआरों की सुविधा के लिए 02 लाख 77 हजार रुपये की लागत से निषाद राज भवन बनाए गए हैं। यह बालाघाट जिले में अपनी तरह का एक नवाचार है।

# दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी द्वारा विकास भवन में पराग मिल्क बार किया गया स्थापित।

## मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर पराग मिल्क बार का किया उद्घाटन।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी
अमेठी
अमेठी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी द्वारा जनपद अमेठी के विकास भवन परिसर गौरीगंज में स्थापित पराग मिल्क बार का शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बताते चलें कि दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी की यह जनपद अमेठी में पराग मिल्कबार की द्वितीय इकाई है। इसका मुख्य उद्देश्य दुग्ध विकास कार्यक्रम के तहत आम जनमानस को शुद्ध दुग्ध एवं दुग्ध से बने उत्पाद उपलब्ध कराया जाना है, इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी ने स्थानीय प्रभारी दुग्ध संघ सुनील सिंह भदोरिया को निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय किसानों/ दुग्ध उत्पादकों द्वारा दूध खरीदा जाए, जिससे दुग्ध विकास कार्यक्रम को अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके तथा शुद्ध दूध प्राप्त होने के साथ ही दुग्ध



उत्पादकों को प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे मिल्कबार जनपद के अन्य कार्यालयों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्थापित किए जाएं। इस अवसर पर महाप्रबंधक दुग्ध संघ अयोध्या आशीष श्रीवास्तव, स्थानीय प्रभारी दुग्ध संघ अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी सुनील सिंह भदोरिया, प्रभारी विपणन अमेठी एसके सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. जेपी सिंह, डीसी एनआरएलएम सुनील तिवारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पहाड़ी इलाकों से भी नीचे रहा कानपुर का तामपमान. अब तक 40 से ज्यादा मरे

सुनील बाजपेई
कानपुर। यहां जिले में जानलेवा सर्दी का कहर लगातार जारी है। वह अबतक अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। बीती शनिवार की रात तो यहां का तापमान पहाड़ी इलाकों से भी नीचे 2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो शिमला से भी कम था। मतलब शिमला का न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री तक गया था। कुल मिलाकर शिमला से भी ज्यादा ठंडी की वजह से शहर वासी बहुत हलकान हैं और इसी वजह से लोगों की मौतों का भी सिलसिला लगातार जारी है। अबतक 40 से भी अधिक लोगों के मरने की खबर है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का यह सितम लगातार जारी रहेगा। जहां तक कानपुर का सवाल है। यहां पिछले 4 दिनों से लगातार न्यूनतम तापमान 5 से 3 डिग्री सेल्सियल्स के आसपास बना रहा, लेकिन 7 जनवरी की रात पहाड़ी शहरों से भी ज्यादा ठंडी रही। कानपुर शहर का तापमान जब 2 डिग्री सेल्सियस था तब शिमला 3.7°C कांगड़ा 3.2°C मसूरी 4.4°C डलहौजी 4.9°Cऔर नैनीताल 6.2°C था।
अवगत कराते चलें कि कानपुर शहर में इससे पहले वर्ष जनवरी 2013 में न्यूनतम तापमान 1.2ड्ड डिग्री लुढ़क गया था। वहीं मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों तक अभी कोहरे और धुंध के साथ-साथ पाला भी गिरेगा। तापमान में कुछ बढ़ोतरी 2 या 3 दिनों के बाद हो सकती है।
इसी के साथ भीषण ठंड और लगातार कोहरे के कारण शहर का प्रदूषण भी खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। शहर का एक अदक लेबल 450 के पार पहुंच गया. खासकर नेहरू नगर, कल्याणपुर आईआईटी और किदवई नगर में भी प्रदूषण से हालात बेहद खराब देखा गया।

# मानेगांव में प्राथमिक शाला भवन निर्माण का आयुष मंत्री ने किया भूमिपूजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो
बालाघाट।(09जनवरी)36 लाख रुपये की लागत से परसवाड़ा के मानेगांव में आयुष मंत्री राम किशोर कांवरे ने प्राथमिक शाला भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। मंत्री ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास के लिए अच्छा काम करता है तो जनता उसका सम्मान करती है और इस सम्मान से जनप्रतिनिधि को और भी अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलती है। अतः पंचायत राज व्यवस्था के जनप्रतिनिधि भी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अच्छे से अच्छा काम करने का प्रयास करें।
मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गई हैं और उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है। शासकीय अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी है कि वह इन



योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का काम करें। पंचायत राज व्यवस्था में चुनकर आए जनप्रतिनिधि इस बात का ध्यान रखें कि पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं । यदि पात्र लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है तो वे ऐसे लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए तत्परता के साथ काम करें । मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सभी योजनाओं के पात्र लोगों तक 38 प्रकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान चलाया गया है। इसके बाद भी किन्ही कारणों से कुछ लोग योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह गये हों तो उन तक लाभ पहुंचाने का काम किया जाए ।जनप्रतिनिधि का काम केवल अधोसंरचना विकास तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी उसका योगदान होना चाहिए।

# पीएम गतिशक्ति के सिद्धांतों के अधिकतम उपयोग के लिए सामाजिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे से संबंधित डेटा का मानचित्रण किया जा रहा है

स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन, ग्राम पंचायतों, नगर निगम, समाज कल्याण आवास आदि से संबंधित महत्वपूर्ण संपत्तियों के डेटा को मैप किया जा रहा है और भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे दोनों की योजना में पीएम गतिशक्ति सिद्धांतों के अधिकतम उपयोग के लिए डेटा सत्यापन किया जा रहा है। नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग-डीपीआईआईटी की अध्यक्षता में सामाजिक क्षेत्र के मंत्रालयों/विभागों की ऑनबोर्डिंग पर समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई।
बैठक में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, खेल, ग्रामीण विकास मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, डाक विभाग और भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान-बीआईएसएजी-एन ने भाग लिया। जिन 12 मंत्रालयों/विभागों को शामिल किया गया है, वे एनएमपी प्लेटफॉर्म पर डेटा एकीकरण के उन्नत चरणों में हैं, जिसमें स्कूल, अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्र आदि जैसे महत्वपूर्ण स्तर शामिल हैं।
भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान-बीआईएसएजी-एन ने सामाजिक क्षेत्र के मंत्रालयों/विभागों द्वारा एनएमपी को अपनाने के लाभों के साथ-साथ निर्णय लेने और नियोजन उपकरणों, मॉडल स्कूलों से कनेक्टिविटी और आपदा प्रबंधन योजना जैसे मामलों का उपयोग करने के बारे में एक प्रस्तुति दी।
मंत्रालयों/विभागों ने पीएम गतिशक्ति को अपनाने की प्रगति, एनएमपी प्लेटफॉर्म पर एकीकृत की जा सकने वाले डेटा और एकीकरण प्रक्रिया के दौरान मंत्रालयों/विभागों के सामने आने वाली चुनौतियों को प्रस्तुत किया।
प्रस्तुतियों के बाद प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श किया गया, दिलचस्प और सामाजिक-आर्थिक रूप से उपयोगी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। उदाहरण के लिए, आंगनवाड़ी केंद्रों की पहुंच के संबंध में मानचित्रण, उद्योग के साथ जुड़ाव को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक नए तकनीकी संस्थान की स्थापना के लिए स्थान के मूल्यांकन के स्थानों का विश्लेषण स्कूलों और किसी भी कनेक्टिविटी मुद्दों की पहचान करना आदि शामिल हैं।

# कोली समाज का युवक - युवती सम्मेलन भुसावल में संपन्न

## मौके पर ही एक जोड़े की शादी भी हुई संपन्न,बाराती बने दर्शक

जलगांव/सुरेश कोहली : अखिल भारतीय कोली समाज व समाज से जुड़े अनेकों संगठनों के माध्यम से जलगांव जिले के भुसावल के दीपनगर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूवात आमदर रमेश दादा पाटिल ने आदिवासी महर्षि वाल्मिक के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर की। कोली समाज युवा महोत्सव में जिला,तालुका सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी युवक -युवतियां ने भी प्रोग्राम में पहुंचकर अपनी उपस्तिथि दर्ज कराते हुए परिचय सम्मेलन का हिस्सा बनें। इस अवसर पर कोली समाज के पढ़े -लिखे युवाओं ने मंच के माध्यम से अपना परिचय सभी के सामने पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर आमदार (एमएलए) रमेश दादा पाटिल ने कहा की महाराष्ट्र में कोली समाज अब जागृत हो चुका है। समाज के काफी बेटा -बेटी अच्छा पढ़ लिखकर अपना जीवन साथी खुद चुन रहे है जोकि कोली समाज के लिए किसी आजाद क्रांति से कम नहीं है। इसी कड़ी में मंचासीन अतिथियों का आयोजकों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। का उन्होंने कहा की बॉम्बे में कोली समाज के लिए विशाल कोली भवन की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर परिचय सम्मेलन में एक जोड़े की ब्राह्मण के मंत्रों द्वारा शादी भी संपन्न हो गई ।जिसमें समाज के लोगों ने कन्यादान की भी रश्म अदा की। कार्यक्रम सुबह पालिका के पूर्व अध्यक्ष चत्रभूज अप्पा सोनोवने,अखिल भारतीय कोली समाज महाराष्ट्र के प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिल नन्नवरे, प्रवचनकार भरत सपकाले महाराज,महिला जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्मिता कोहली,धनराज



थोड़ा देर से शुरू हुआ लेकिन सभी ने कार्यक्रम की गरिमा को बनाए रखा ।बीच में 3 बजे के आस पास कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा खाने की भी व्यवस्था की गई थी। सभी ने कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की ।इस अवसर पर कोली महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एमएलए रमेश दादा पाटिल,जलगांव महानगर सालुंके,प्रभाकर अप्पा सोनोवने समाज कल्याण सभापति,जिला परिषद सदस्य प्रभाकर अप्पा सोनोवने(वडोदा) वैशाली ताई तायड़े,सुकदेव रायसिंग,अनिलभाई कोली,रवि दादा पाटिल,रवि भाई कोली,रामचंद्र तायड़े,प्रवीण सोनोवने सहित सैकड़ों की संख्या में कोली समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर 23 और 24 जनवरी को नई दिल्ली में सशस्त्र बलों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति और जनजातीय नृत्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

गणतंत्र दिवस समारोह 2023 के हिस्से के रूप में और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती (जिसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है) को मनाने के लिए सशस्त्र बलों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति तथा जनजातीय नृत्य महोत्सव 'आदि शौर्य - पर्व पराक्रम का' 23 एवं 24 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय उत्सव के दौरान सशस्त्र बलों की क्षमता और भारत की जनजातीय संस्कृति की विशिष्ट संस्कृति व सुंदरता का प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम के लिए मुफ्त टिकट ६६६ु.ङ्कद्गद्म८रँङ्कह्य६.ठ्ठ पर उपलब्ध हैं। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति (पैरामोटर ग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून, हॉर्स शो, मोटर साइकिल डिस्प्ले, एयर वारियर ड्रिल, नेवी बैंड) और देश भर से आए आदिवासी कलाकारों का एक घंटे का पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन (खुखरी नृत्य, गतका, मल्लखंब, कलारिपयतु, थंगटा) शामिल हैं। ग्रैंड फिनाले में प्रसिद्ध गायक श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति होगी। समारोह के आयोजन का उद्देश्य देश के बहादुरों के बलिदान को याद करना और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना है, जिनसे भारत को इतनी अनूठी तथा विविध पहचान मिलती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की बहादुरी को मिलकर याद किया जाएगा; इसका उद्देश्य यह भी है कि हम भारत की सच्ची भावना को अपनाएं और एक सशक्त एवं समृद्ध 'नए भारत' के निर्माण की प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें। रक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें भारतीय तटरक्षक समन्वयक की भूमिका निभा रहा है।

# प्रधानमंत्री ने श्री केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक व्यक्त किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और छोटे कार्यकालों के लिए बिहार, मेघालय और मिजोरम के राज्यपाल का अतिरिक्त



प्रभार संभाल चुके श्री केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की।
प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया;
ह्लश्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी का उनकी सेवा भावना और बुद्धिमता के लिए सम्मान किया जाता था। वे संवैधानिक मामलों के अच्छे जानकार थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की। उनके निधन से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

# उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन में 2014 के बाद से भारी वृद्धि हुई है

सरकार ने उत्तर पूर्व क्षेत्र के विकास को विशेष प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 8 वर्षों में 50 से अधिक बार पूर्वोत्तर क्षेत्र का दौरा किया है, जबकि केंद्रीय मंत्रियों ने भी 400 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। देश का उत्तर पूर्व क्षेत्र पहले अशांति, बंद आदि के लिए जाना जाता था लेकिन पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वहां शांति बहाल हुई है। वहां उग्रवाद की घटनाओं में 74% की कमी, सुरक्षा बलों पर हमलों की घटनाओं में 60% की कमी और नागरिक मौतों में 89% की कमी आई है। लगभग 8,000 युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है। वे अपने और अपने परिवारों के लिए बेहतर भविष्य की सोच के साथ मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा, 2019 में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, 2020 में ब्रू और बोडो समझौते तथा 2021 में कार्बी समझौते पर सहमति बनी। असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवाद भी लगभग समाप्त हो चुका है। शांति बहाली के साथ ही उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर हो गया है। 2014 के बाद से इस क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन में भारी वृद्धि देखी गई है। 2014 से, इस क्षेत्र के लिए 10% जीबीएस के तहत 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग (2022-23 से 2025-26) की शेष अवधि के लिए 12882.2 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की योजनाओं को मंजूरी दे दी है। एमडीओएनईआर योजनाओं के तहत पिछले 4 वर्षों में वास्तविक व्यय 7534.46 करोड़ रुपये था जबकि, 2025-26 तक अगले चार वर्षों में व्यय के लिए उपलब्ध निधि 19482.20 करोड़ रुपये (लगभग 2.60 गुना) है। क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए हैं। कनेक्टिविटी में सुधार मुख्य फोकस रहा है। रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 2014 से अब तक 51,019 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 77,930 करोड़ रुपये की 19 नई परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। रेलवे के लिए, 2009-14 के दौरान 2,122 करोड़ रुपये के औसत वार्षिक बजट आवंटन की तुलना में पिछले 8 वर्षों में औसत वार्षिक बजट आवंटन में 370% की वृद्धि के साथ कुल 9,970 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। सड़क संपर्क में सुधार के लिए, 1.05 लाख करोड़ रुपये की 375 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। सरकार अगले तीन साल में 209 परियोजनाओं के तहत 9,476 किलोमीटर सड़कें बिछायेगी। इसके लिए केंद्र सरकार 1,06,004 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। हवाई संपर्क में भी व्यापक सुधार हुआ है। 68 वर्षों में उत्तर पूर्व में केवल 9 हवाई अड्डे थे जो आठ वर्षों की छोटी सी अवधि में बढ़कर 17 हो गए। 2014 (साप्ताहिक आधार) से उत्तर पूर्व में हवाई यातायात की आवाजाही में आज 113% की वृद्धि हुई है। हवाई संपर्क को और बढ़ावा देने के लिए, उत्तर पूर्व क्षेत्र में नागरिक उड्डयन में 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार के लिए, 2014 से 10% जीबीएस के तहत 3466 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एनईआर के 4,525 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी को भी मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने 2023 के अंत तक क्षेत्र में पूर्ण दूरसंचार कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 500 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया है। जलमार्ग उत्तर पूर्व के जीवन और संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को विकसित करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। 2014 से पहले एनईआर में केवल 1 राष्ट्रीय जलमार्ग था। अब एनईआर में 20 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है। हाल ही में राष्ट्रीय जलमार्ग 2 और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 के विकास के लिए 600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उत्तर पूर्व क्षेत्र में कौशल विकास के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और 2014 तथा 2021 के बीच मौजूदा सरकारी आईटीआई को मॉडल आईटीआई में अपग्रेड करने के लिए लगभग 190 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। 193 नए कौशल विकास संस्थान स्थापित किए गए हैं। कौशल बढ़ाने पर 81.83 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 16,05,801 लोगों को कुशल बनाया गया है। उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत एमएसएमई को बढ़ावा दिया गया है। 978 इकाइयों को समर्थन/स्थापना करने के लिए 645.07 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। डीपीआईआईटी के मुताबिक, उत्तर पूर्व से 3,865 स्टार्टअप पंजीकृत किए गए।
पिछले आठ वर्षों में स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार पर विशेष ध्यान रहा है। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में 2014-15 से 31,793.86 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। कैंसर योजना के तृतीयक देखभाल को मजबूत करने के तहत 19 राज्य कैंसर संस्थान और 20 तृतीयक देखभाल कैंसर केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। पिछले आठ वर्षों में, इस क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रयास किए गए हैं। 2014 से अब तक, सरकार ने उत्तर पूर्व क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 14,009 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उच्च शिक्षा के 191 नए संस्थान स्थापित किए गए हैं। 2014 से स्थापित विश्वविद्यालयों की संख्या में 39% की वृद्धि हुई है। 2014-15 से स्थापित उच्च शिक्षा के केंद्रीय संस्थानों में 40% की वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, उच्च शिक्षा में कुल छात्र नामांकन में 29% की वृद्धि हुई है।
क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है। 2014-15 के बाद से, सरकार ने 37,092 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, जिसमें से अब तक 10,003 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 9,265 करोड़ रुपये की नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड (एनईजीजी) परियोजना पर काम चल रहा है। इससे उत्तर पूर्व क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।
क्षेत्र में पहली बार जिला स्तरीय एस-डीजी सूचकांक स्थापित किया गया है। एसडीजी सूचकांक का दूसरा संस्करण तैयार है और जल्द ही जारी होने वाला है।

## पीएमओ जोशीमठ पर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करेगा

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा आज दोपहर पीएमओ में कैबिनेट सचिव और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। जोशीमठ के जिला पदाधिकारी भी इस समीक्षा बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मौजूद रहेंगे।
उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल होंगे।

# पूरी हुई जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह की तैयारी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में 9 जनवरी को आयोजित होने वाले चतुर्थ दीक्षांत समारोह का रविवार को रिहर्सल किया गया। इस दौरान कुलपति ने विभिन्न कोर्सेज के स्टूडेंट्स को प्रतीकात्मक डिग्री वितरित की। वहीं कई अन्य




कोर्सेज के टॉप-टेन को पूर्वाभ्यास में ही उपाधि वितरित की गई। इसके पहले समारोह स्थल का भूमि पूजन हुआ।

कुलपति प्रोफेसर कल्पलता पाण्डेय ने दीक्षांत मंडप में विधि-विधान से पूजन-हवन किया। पंडित अरुणेंद्र कुमार मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा सम्पन्न कराया। किसी भी शुभ कार्य के लिए भारतीय परंपरा एवं संस्तुति में भूमि पूजन का महत्त्व निर्विवाद है। आज इसी का ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय की कुलपति ने दीक्षांत समारोह के पूर्व भूमि पूजन का संपन्न किया ताकि दीक्षांत की पूरी प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न हो सके। इस अवसर पर कुलसचिव एसएल पाल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पुष्पा मिश्रा, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ अजय चौबे, डॉ विनीत सिंह, प्रोफेसर रविंद्र नाथ मिश्र, प्रोफेसर बैकुंठ नाथ पांडेय, प्रोफेसर अंजनी कुमार सिंह, प्रोफेसर नीरजा सिंह, प्रोफेसर अरविंद नेत्र पांडेय, प्रोफेसर अखिलेश राय, प्रोफेसर जैनेन्द्र पांडेय, प्रोफेसर फूल बदन सिंह , प्रोफेसर निशा राघव, प्रोफेसर ममता वर्मा, प्रोफेसर दयालनंद राय, प्रोफेसर देवेंद्र सिंह, प्रोफेसर अवनीश चंद्र पांडेय, डॉ धर्मात्मानंद, प्रोफेसर साहेब दूबे, प्रोफेसर अशोक सिंह, डॉक्टर सीमा वर्मा, डॉ निवेदिता श्रीवास्तव सहित शिक्षक एव कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बंटी प्रतीकात्मक डिग्री

दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास दोपहर में शिष्ट यात्रा से हुआ। रजिस्ट्रार एस एल पाल के नेतृत्व में शिष्ट यात्रा दीक्षांत प्रागंण में प्रवेश की । इसमें विश्वविद्यालय सभा, विद्यापरिषद कार्यपरिषद के सदस्य के अलावा विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष व सबसे आगे वीसी चल रही थीं। । कुलपति व कुलसचिव मंचासीन हुए और पीछे कुर्सी पर डीन भी बैठे। इस दौरान स्नातक, एवं स्नातकोत्तर के

**दीक्षांत समारोह आज**
**-कार्यक्रम से पहले वीसी ने आयोजन स्थल पर विधि-विधान से किया पूजन**
**-राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में होगा आयोजन, हुआ रिहर्सल**

स्टूडेंट्स को प्रतीकात्मक डिग्री देने की घोषणा की



गई। अंत में वापसी में शिष्ट यात्रा का नेतृत्व वीसी ने किया।

### सोमवार को दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह की अध्यक्षता उ प्र की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। इसरो के मानद वैज्ञानिक प्रो वाईएस राजन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि उ. प्र सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय विशिष्ट अतिथि होंगे।

# रेवती रेलवे स्टेशन को हाल्ट घोषित होने की सूचना पर चेतावनी सभा

**ऋतुराज तिवारी बिन्दु, समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : रेलवे स्टेशन



रेवती को हाल्ट स्टेशन घोषित किए जाने से नाराज नगर रेवती सहित क्षेत्रवासियों ने रविवार के दिन रेलवे स्टेशन के बाहर चेतावनी सभा किया।

इस दौरान आक्रोशित लोगों ने रेवती रेलवे स्टेशन को तत्काल पूर्ण स्टेशन के रूप में बहाल नहीं किए जाने पर आगामी 26 जनवरी से धरना प्रदर्शन तथा क्रमिक अनशन करने की चेतावनी दिया। वक्ताओं ने कहा कि रेवती रेलवे स्टेशन को पूर्ण स्टेशन के रूप में बहाल करने के लिए हमने पत्रक देने का कार्य किया। धरना प्रदर्शन भी किया लेकिन रेल विभाग के जिम्मेदारों के कानों पर जूं नहीं रेंगा। अब हम स्टेशन के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

रेल विभाग को यह ज्ञात होना चाहिए कि यह वही रेवती की धरती है। जहां दो बार रेल चक्का जाम हो चुका है। 13 घंटे तक हुए रेल चक्काजाम के समय रेल विभाग को खुद रेल परिचालन बंद करना पड़ा था। कहा कि जब हम ट्रेन ठहराव के लिए 13 घंटा रेल चक्का जाम कर सकते हैं तो स्टेशन के लिए हम श्रीनगर से पचरूखा तक रेल ट्रैक पर डेरा भी डालने को तैयार हैं। प्रदर्शनकारियों का ज्ञापन रेल विभाग के राजेन्द्र एवं नायब तहसीलदार बांसडीह ने सार्थक आश्वासन के साथ लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर पांडेय कनक, एडवोकेट महेश तिवारी, समाजसेवी अभिज्ञान तिवारी, महावीर तिवारी, अमित पांडेय पप्पू, अतुल पाण्डेय बबलू, भोला ओझा, लक्ष्मण पाण्डेय, श्रीभगवान यादव, डा.हरेराम यादव, विरेन्द्र गुप्ता, उमेश तिवारी, कर्मवीर तिवारी, संजीव चौरसिया, सुरेंद्र चौहान, विवेक तिवारी, राजेश गुप्ता, शांतिल गुप्ता, विदेश तिवारी, प्रधान राकेश यादव, शादाब जी आदि रहे। अध्यक्षता अरूण पाण्डेय लोहिया एवं संचालन कामरेड ओमप्रकाश कुंवर मुन्नू ने किया।

## रेवती हाल्ट नहीं, हुआ है आईबीएस स्टेशन : रेल विभाग

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : पूर्वोत्तर रेलवे मंडल रेल प्रबंधक के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि रेवती हाल्ट स्टेशन नहीं आईबीएस स्टेशन है। जनसंपर्क अधिकारी ने रेलवे की कुछ और बातों को बताया। कहा यात्रियों को तीव्रगामी सुविधा उपलब्ध कराने एवं आधार भूत संरचनाओ में वृद्धि एव विस्तार के



प्रति कृत संकल्प है। इसी में क्रम वाराणसी मंडल के विभिन्न खंडों पर दोहरीकरण एव विधुतीकरण का कार्य तीव्रगति से किया जा रहा है। छपरा-बलिया रेल खंड पर भी दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का तेजी से चल रहा है। दोहरीकरण के क्रम इस खण्ड पर स्थित रेवती स्टेशन को आईबीएस बनाया गया है रेवती स्टेशन को हाल्ट स्टेशन नहीं बनाया गया है। बताया है कि रेवती स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधा मे कोई कमी नहीं की गई है। रेवती स्टेशन पर पहले की तरह जितनी यात्री गाडियों का स्टॉपेज था उन्हें भी यथावत रखा गया है

# विधायक ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर : मड़ियाहूं कस्बे के दिलावरपुर मोहल्ले में गौशाला के पास हैंडसम क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मड़ियाहू के विधायक डॉक्टर आर.के. पटेल ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि विधायक ने पिच पर खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए खेल का शुभारंभ किया।

डॉक्टर आरके पटेल ने कहा कि जितने भी खिलाड़ी आज देश के लिए खेल रहे हैं वह कहीं ना कहीं किसी न किसी गांव, जनपद ,व प्रदेश से ही जाकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आप लोग भी पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी रुचि रखें



और आगे जाने की भरपूर कोशिश करें जिससे हमारे विधानसभा के क्षेत्र का नाम भीं देश में रोशन हो सके। मड़ियाहूं नगर के दिलावरपुर के पास स्थित गौशाला के पास हो रहे टूनामेंट में टीम के बीच 50 50 ओवर के खेल का प्रारंभ हुआ । इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष मल्लू अरुण कुमार पटेल, डॉ अभय यादव, जय सिंह, पटेल आदि कार्यकारिणी के सदस्यों ने स्थानीय विधायक डॉक्टर आरके पटेल का माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर सुनील कुमार पटेल राधेश्याम यादव, सुभाष पाल, प्रमोद कुमार और प्रसिद्ध व्यवसाई अरविंद कुमार गुप्त सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती जौनपुर ने मनाई पद्मश्री बाबा योगेंद्र की जयंती

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : सांस्कृतिक क्षेत्र में अलग जगाने वाली जनपद की अग्रणी संस्था संस्कार भारती जौनपुर द्वारा "आराधना" कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कार भारती के संस्थापक पदम श्री बाबा योगेंद्र की जयंती पर भावांजलि कार्यक्रम कार्यालय संस्कार भारती कार्यालय ओलांदगंज में हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा से जुड़ी हुई स्मृतियों को साझा किया वही संरक्षक रवींद्रनाथ ने कहा कि बाबाजी सादगी, सरलता की प्रतिमूर्ति थे वह सभी के प्रति समभाव रखते थे और हम सभी के प्रेरणा स्रोत रहे। संस्कार भारती काशी प्रांत के महामंत्री सुजीत कुमार ने स्मृतियों को साझा करते हुए बताया की बाबाजी पूरे देश में कलाकारों को जोड़ने का काम किया करते थे। पूरा देश ही उनके लिए परिवार था, चित्रकला विधा के मर्मज्ञ रहे उन्होंने अनेक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किए। मां भारती के सच्चे सपूत पदम श्री बाबा योगेंद्र के बताएं मार्ग पर चलना ही उनके प्रति



सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संस्था अध्यक्ष डॉ ज्योति दास ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर रविंद्र नाथ, ऋषि श्रीवास्तव, रविकांत जायसवाल, सूर्य प्रकाश मिश्र, मनीष अस्थाना, राजकमल जी, डॉक्टर नरेंद्र पाठक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अंत में महामंत्री अमित गुप्ता ने उपस्थित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# निरंकारी सतगुरु ने मानवता को दिया दिव्य संदेश

**दिलीप श्रीवास्तव, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति से जीवन में वास्तविक भक्ति का आरंभ होता है और उसके ठहराव से हमारा जीवन भक्ति मय एवं आनंदित बन जाता है।

उक्त उद्गार निरंकारी सत्संग गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित एल ई डी टीवी के माध्यम से नव वर्ष के विशेष सत्संग समारोह में उपस्थित विशाल संत समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किया । इस कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु जौनपुर शहर सहित जिले के अन्य स्थानों से भी सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए जहां सभी ने सतगुरु के पावन वचनों से स्वयं को आनंदित एवं कृतार्थ किया। मुक्ति मार्ग का उल्लेख करते हुए सद्गुरु ने फरमाया कि मुक्ति केवल उन्ही संतो को प्राप्त होती है जिन्होंने वास्तविक रूप से ब्रह्म ज्ञान की दिव्यता को समझा और उसे अपने जीवन में अपनाया। जीवन की महत्ता और मूल्य तभी होती है जब वास्तविक रूप से जीया जाए दिखावे के लिए नहीं। वास्तविक भक्ति



तो वह है जिसमें हम सभी हर पल, हर क्षण में इस निरंकार प्रभु से जुड़े रहे। अंत में सतगुरु ने सबके लिए यही अरदास की कि हम सभी अपने उत्तम व्यवहार एवं भक्ति मय जीवन से समस्त संसार को प्रभावित करते हुए सुखद एवं आनंदमय जीवन जिए। सभी संतों का जीवन निरंकार का आभार लेते हुए शुभ एवं आनंदित रूप से व्यतीत हो। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी निरंकारी संत चंदन गुप्ता ने दिया।

## गरीबों की सेवा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा

**दिलीप श्रीवास्तव, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : चंदवक क्षेत्र के अवधपुर गांव में रविवार को जगदीश राम की अध्यक्षता में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब व असहाय लोगों में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया।



इस दौरान 60 कंबल लोगों में वितरित किए गए। ग्राम प्रधान और रोहित कुमार ने बताया कि इस समय हांड कपा देने वाली ठंड का प्रकोप जिले सहित पूरे प्रदेश में चल रहा है। रोजमर्रा की जिंदगी जीने वाले गरीब लोगों का जीवन जिना दूभर हो गया है। गरीबों की सेवा करना मानव का सबसे बड़ा धर्म है कहा जाता है कि नर सेवा नारायण सेवा। इसलिए पूरा परिवार मिलकर इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेता है साथ ही यह कार्यक्रम अनवरत चलता रहेगा। इस अवसर पर शशि कला देवी, मातादीन, मनीष यादव, दिलीप यादव, विकास यादव, सूरज कुमार, राहुल कुमार, राकेश रोशन समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित कार्यसमिति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आदर्श इंटर कॉलेज शंभूगंज में प्रांतीय अध्यक्ष चेत नारायण सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधाकर सिंह भैया व संचालन प्रमोद सिंह ने किया।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष हेतु सुधाकर तथा मंत्री प्रमोद सिंह के साथ कोषाध्यक्ष दिनेश चक्रवर्ती ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

उपाध्यक्ष पद हेतु जय प्रकाश सिंह, राम प्रकाश सिंह, डॉक्टर रविंद्र सिंह, राजेश यादव, रविंद्र सिंह, केशव नाथ तिवारी, संतोष रघुवंशी, प्रवीण पांडे, संतोष सिंह, संयुक्त मंत्री पद हेतु संजय सिंह, बंसराज यादव, संतोष सिंह, अखिलेश चंद्र, अखिलेश सिंह, सुधीर राय, जयशंकर सिंह, दीपक सिंह, आलोक सिंह, इंदू वर्मा मनोनीत किए गए। विख्यात पांडे संगठन मंत्री प्रशांत पांडे मीडिया प्रभारी आलोक श्रीवास्तव सोशल मीडिया प्रभारी तथा ब्रह्मदेव यादव आय-व्यय निरीक्षक बनाते गये।



कार्यकारिणी सदस्य के लिए अजय सिंह चंद्र प्रकाश दुबे राम प्रकाश विश्वकर्मा राजेंद्र मौर्य संदीप सिंह सुनीता राय शशिधर सिंह कृष्ण मोहन यादव आशीष मिश्रा शिव प्रसाद यादव संजय सिंह अनूप सिंह नवीन सिंह संदेश सिंह संजय चौबे जियालाल विंद प्रदीप सिंह इंद्रजीत सिंह रविकांत लाल बहादुर आलोक दुबे दयाशंकर यादव कौशल बाबू अंकुर सिंह राजनारायण सरोज रितेश चौबे स्वतंत्र सिंह वीरेंद्र भारती गुंजन श्रीवास्तव जय सिंह यादव मनोनीत किए गए सभी को शपथ दिलाई गई इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह शैक्षिक विचार पत्रिका के पादप वीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# डिजिटल नेटवर्किंग मार्केटिंग कार्यशाला का आयोजन

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : कैशनेटर डिजिटल मार्केटिंग कम्पनी द्वारा रविवार को कस्बे के एक निजी विद्यालय में अपने सदस्यों पेशेवरों को सशक्त बनाने और उन्हें शिक्षित करने के लिए एक डिजिटल नेटवर्किंग मार्केटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एजुकेशनल ट्रेनर प्रदीप शेवाले ने उपस्थित लोगों को बताया कि आज का युग ऑनलाइन है। इसलिए किसी कारोबार को



डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बुलंदियों तक पहुंचाया जा सकता है। यदि हम मार्केट की स्थिति पर नजर डालें तो लगभग 70 फीसदी क्रेता किसी भी प्रोडक्ट को खरीदने या सर्विस लेने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करते है, ऐसे में किसी भी कम्पनी या बिजनेस के लिए डिजिटल नेटवर्किंग मार्केटिंग महत्वपूर्ण हो जाती है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्किल डेवलेपर अविनाश एसाबे ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। नेटवर्क मार्केटिंग आज के समय की संतुष्टि और आवश्यक पूर्ति का अंग बन चुकी है। यह आमदनी का जरिया भी बनती जा रही हैं।उन्होंने कहा कि एक इकोसिस्टम बनाकर हम लोगो को नेटवर्क सीखने और बढ़ने का अवसर दे रहे हैं।अविनाश त्रिपाठी, डॉ शाशिप्रकाश कुशवाहा, विवेकानंद वर्मा, केशव राव, डॉ व्यास मुनि चौहान, कमलेश कुमार, लाल बाबू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजक महेश वर्मा ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

# हाड़कपाऊ ठंड में भी अलाव जलाने में कंजूसी बरत रहा नगर पंचायत प्रशासन

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया): बफीर्ली हवाओं के चलने से हाड़कपाऊ सर्दी में हर कोई कांप रहा है। इसके बावजूद अलाव जलाने में प्रशासन कंजूसी बरत रहा है। वहीं कुछ ऐसा ही हाल नगर पंचायत में बने रैन बसेरे का भी है। नगर पंचायत के प्राचीन दुर्गा मंदिर के समीप बने विवाह घर में रैन बसेरा खुल तो गया हैं लेकिन वहां जाना बहुत कम लोग ही मुनासिब समझते हैं। डीएम के निर्देश के बावजूद भी नगर पंचायत प्रशासन इसको लेकर फिक्रमंद नहीं नजर आ रहा हैं। हाल यह है कि रविवार को शाम के वक़्त रैन बसेरा में ताला लटका मिला। वहां न तो कोई जिम्मेदार न ही उनके मातहत कहीं नजर आए। पूछने पर कर्मचारियों के बारे में कोई कुछ नहीं बता सका। सर्दी शुरू होते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री ने साफ लहजे में कह दिया कि कोई व्यक्ति खुले में सोता न मिले। उनके ठहरने के लिए पर्याप्त रैनबसेरा में व्यवस्था होनी चाहिए। प्रदेश के मुखिया आदेश पर भी मातहत तनिक जब फिक्रमंद नहीं है। यह तस्वीरें साफ दिखा रही है कि सिर्फ कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है।

# अलाव से उठी चिंगारी ने जलाई दो सगे भाइयों की झोपड़ी, भारी नुकसान

**लगी आग से मवेशी समेत लाखों का सामान जलकर हुआ राख**

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : थाना क्षेत्र के सिसोटार गांव में अलाव से उठी चिंगारी में दो सगे भाइयों की झोपड़ी जलकर राख हो गयी। लगी आग से मवेशी समेत हजारों का सामान जलकर राख हो गया,घटना के बाद दोनों परिवार सदमें में है।



प्राप्त सूचना के अनुसार रविवार की भोर में सिसोटार गांव निवासी दो सगे रमेश राजभर व रामजीत राजभर के सिसोटार दियारा स्थिति दो झोपड़ियों में रविवार की भोर में अलाव से उठी चिंगारी से आग लग गई । अभी कोई कुछ समझ पाता है कि आग ने दोनों झोपड़ियों पर विकराल रूप ले लिया। अचानक लगी इस आग से पूरे दियारे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों के अथक प्रयास से जब तक आग पर काबू पाया जा सका। तब तक दोनों भाइयों के 5 बकरियां एक गाय एक भैंस 3 कुंटल से ऊपर अनाज 2 बोरी यूरिया खाद। मवेशियों के खाने के लिए रखा गया भूसा जलकर राख हो गया। अचानक घटित हुई इस घटना में दोनों परिवार को लाखों का नुकसान हुआ है।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो चढ़े कोतवाली पुलिस के हाथ

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : कोतवाली पुलिस को रविवार के दिन एक सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्तों (वाहन चोर) को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह के कुशल मार्गदर्शन में काम रही टीम के सदस्य उ0नि0 प्रभाकर शुक्ला और उ0नि0 चन्द्रप्रकाश कश्यप को जानकारी हुई की काजीपुरा से चोरी बाइक लेकर दो अभियुक्त काजीपुरा रेलवे क्रासिंक के पास खड़े हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मन्टू पुत्र गोरख राम निवासी काजीपुरा नई बस्ती थाना कोतवाली दीपक पुत्र मुन्ना प्रसाद निवासी काजीपुरा नई बस्ती थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पास में खड़ी मोटरसाईकिल हीरो पैसन प्रो रंग लाल काला बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।



# शिव शंकर गिरि की पुण्यतिथि विद्यालय के भवन का लोकार्पण किया

**नित्यानंद सिंह, समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : शिवनंदन गिरि पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर के प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक शिव शंकर गिरि की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बलिया के सांसद विरेंद्र सिंह मस्त मौजूद रहे।



कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी शाखा बैरिया की संचालिका बीके पुष्पा दीदी एवं बीके कविता दीदी अलावा समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तारकेश्वर मिश्र, पूर्व मंत्री नारद राय, भाजपा के पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू के अलावा मुरली छपरा ब्लॉक के ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह, बीआरसी अजय तिवारी के अलावा जिले के सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बलिया सांसद द्वारा विद्यालय के भवन का लोकार्पण किया गया तथा विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का भी सांसद द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर बलिया सांसद द्वारा कहा गया कि संसद से बड़ी ताकत समाज के लोगों की होती हैं इन्हीं लोगों द्वारा सांसद बनाई जाती है शिव शंकर गिरि वास्तव में एक किसान तथा सामाजिक व्यक्ति थे। वह हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ रहते थे। उनकी अभिलाषा थी कि यहां के गरीब लोगों को शिक्षित किया जाए। जिससे समाज आगे बढ़े उसी क्रम में उनके लड़के परमेश्वर गिरि व दिनेश्वर गिरि द्वारा नीव रखी। विद्यालय को आगे बढ़ाया गया। सांसद अपने संबोधन में बोले की समाज के लोग सबसे बड़ी ताकत होते हैं स्वस्थ लोग हैं स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं। इसलिए मैं इस विद्यालय में एक व्यामशाला के निर्माण हेतु पैसा आवंटित कर रहा हूं। साथ ही सांसद द्वारा मुख्य सड़क से विद्यालय तक सहायक सड़क देने की भी घोषणा की गई। उसके बाद विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय शिव शंकर गिरि के सानिध्य में रहने वाले लोगों को अंगवस्त्रों के द्वारा सम्मानित किया गया। सभा की अध्यक्षता विद्यालय समिति के अध्यक्ष जनार्दन राय तथा संचालन विनायक मौर्य द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर गिरि द्वारा सबको सम्मानित किया गया।

# अलाव पर कपड़ा सुखाते समय आग की लपेटे में आकर युवती झुलसी

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : चेतन किशोर गांव में शनिवार की रात घर मे जल रहे अलाव के ऊपर गीले कपड़े सुखाते वक्त 26 वर्षीय युवती आग की लपेटे में आकर बुरी तरह झुलस गई, जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

प्राप्त सूचना के अनुसार चेतन किशोर गांव निवासी प्रियंका कुमारी 26 वर्ष पुत्री स्व.हरिंद्र प्रसाद घर के अंदर जल रहे अलाओ के पास बैठ कर। छोटे बच्चों के गीले कपड़ों को सुखा रही थी तभी आग की उठती लपटों के सम्पर्क में आ गई जिससे उसके पहने हुए कपड़ो में आग जलने लगा। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजनों नें किसी तरह आग को बुझाया, तब तक उसके शरीर का निचला हिस्सा जल चुका था।

आनन फानन में परिवार वाले उसे इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिकंदरपुर गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद देर रात को उसकी गम्भीरवस्था को देखते हुए चिकित्सक नें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# जहां प्रेम का विस्तार होता है वहीं सत्संग है

## *जयंती समारोह : ठाकुर अनुकूल चन्द्र की जयंती पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश*

**शशिकांत ओझा, समाज जागरण**

बलिया : प्रेममय ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी का 135 वां जन्म महोत्सव रविवार को टाउन हाल के सभागार में मनाया गया। सुबह नगर कीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकालकर नगर वासियों को महोत्सव का संदेश दिया गया।

टाऊन हाल के सभागार में जन्मोत्सव पर 135 दीप प्रज्वलित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। 135 साल पहले पावना जिला के हिमाईतपुर गांव में जन्में अनुकूल चन्द्र के दस हजार वचन वर्तमान युग के हर समस्या का समाधान है। उनके वचन हर पहलू पर मार्ग प्रशस्त करते हैं। सन्यासी का मतलब सत में मन को व्यस्त




रखना है जो कि संसार में रहकर किया जा सकता है। उनके जन्म दिन पर हर धर्म व समाज के लोगों ने उन्हें याद किया। अहले सुबह अनुकूल चन्द्र के भक्तों द्वारा उषा कीर्तन,समवेत विनती, प्रार्थना व विभिन्न धर्मग्रंथों का पाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाहर से आए ठाकुर जी के भक्तों द्वारा भोग निवेदक,गीता पाठ व ठाकुर जी के धर्मग्रंथ का पाठ किया गया। इस सभा में उपस्थित भक्तों ने श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के दिव्य जीवन पर प्रकाश डाला । वक्ताओं ने कहा कि जहां प्रेम का विस्तार होता है वहीं सत्संग है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में रमाकान्त सिंह,प्रदीप सिंह, डा०ओंकार नाथ पाण्डेय,संतोष पाण्डेय, विनय यादव,श्री पति यादव,श्याम देव मौर्य,संत सिंह आदि ने काफी सहयोग किया ।

